संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

'हर सुबह एक नई उम्मीद लेकर आती है, बस खुद पर विश्वास बनाए रखिए।'




1949 – डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने समर्थकों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार किया।

पूर्णिया मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 203

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के रोडमैप पर सहमत हुए भारत-कनाडा, शीघ्र होगी मंत्रिस्तरीय वार्ता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय संबंधों को पुनः मजबूती देने के लिए नई रोडमैप पर सहमति व्यक्त की। यह निर्णय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के बीच दिल्ली में हुई वार्ता के बाद लिया गया। दोनों देशों ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, क़ानून के शासन और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अपने संबंधों को नई गति देने का संकल्प लिया।



**वैज्ञानिक, तकनीकी और शिक्षा सहयोग**: संयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समिति को पुनः सक्रिय किया जाएगा।
दोनों देश एआई, डिजिटल बुनियादी ढांचे और नई तकनीकों में सहयोग को गहरा करेंगे। इसके अलावा कृषि, शिक्षा, पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पेशेवर गतिशीलता में सहयोग सुदृढ़ होगा।

**आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग**:
सहमति के तहत व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए मंत्रिस्तरीय चर्चा शीघ्र शुरू होगी। कनाडा-भारत CEO फोरम को पुनः सक्रिय किया जाएगा और ऊर्जा सहयोग के लिए मंत्रिस्तरीय संवाद फिर से स्थापित होगा। एलएनजी, एलपीजी और तेल एवं गैस अन्वेषण व उत्पादन क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पर्यावरण और बहुपक्षीय मंच पर सहयोग**:दोनों देशों ने जलवायु कार्रवाई, पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को प्रोत्साहित करने और बहुपक्षीय संस्थानों को प्रभावी बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

**01**: व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिस्तरीय चर्चाएँ और CEO फोरम पुनः सक्रिय होंगे।

**02**: विज्ञान, तकनीकी, एआई, कृषि, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग को सुदृढ़ किया जाएगा।

**03**: जलवायु कार्रवाई, पर्यावरण संरक्षण और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को और मज़बूत करने का संकल्प लिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गाजा शांति को समर्थन देते हुए इजरायली नागरिकों की रिहाई का स्वागत किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति प्रयासों को समर्थन देते हुए सोमवार को हमास की कैद से सभी इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया।
अपनी पोस्ट में उन्होंने इस रिहाई को बंधकों के परिजनों, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजेमिन नेतन्याहू के साहस, संकल्प और प्रयासों की सराहना की है।
प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हम क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करते हैं।"



उल्लेखनीय है कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 से बंधक बनाए अंतिम 20 जीवित इजरायली नागरिकों को रिहा कर दिया है। वे अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए युद्ध विराम के बीच दो साल की कैद के बाद रिहा हुए हैं।

## राहुल गांधी मंगलवार को आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार से मिलेंगे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचेंगे, जहां वह हाल ही में आत्महत्या करने वाले 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आवास पर जाकर उनके परिवार से मुलाकात करेंगे।
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी मंगलवार शाम करीब 5 बजकर 15 मिनट पर चंडीगढ़ स्थित स्वर्गीय पूरन कुमार के आवास पर जाएंगे और उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट करेंगे।



उल्लेखनीय है कि आईपीएस वाई पूरन कुमार 2001 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी थे और हाल ही में उन्होंने चंडीगढ़ स्थित आवास में आत्महत्या कर ली थी। उनकी पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने 10 अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

## बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए शरजील इमाम ने मांगी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली दंगों के आरोपित छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम ने कड़कड़डूमा कोर्ट में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेयी उनकी याचिका पर 14 अक्टूबर को सुनवाई करेंगे। इमाम ने 15 से 29 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत मांगी है। उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक कैदी हैं और बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ना चाहते हैं।




दिल्ली हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को उनकी जमानत याचिका खारिज की थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। शरजील को 25 अगस्त 2020 को बिहार से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत चार्जशीट में आरोप लगाया है कि उन्होंने सीएए विरोध के नाम पर केंद्र सरकार के खिलाफ नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने की साजिश रची थी।

## भारत पहुंचे मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना, विदेश मंत्री जयशंकर ने की मुलाकात

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना चार दिवसीय भारत यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने उनसे मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग को और सशक्त बनाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि आध्यात्मिक पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के साझेदारों के रूप में यह मुलाकात सम्मानजनक रही। राष्ट्रपति उखना 13 से 16 अक्टूबर तक भारत में रहेंगे और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। वे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच 1955 से राजनयिक संबंध हैं और साझेदारी रक्षा, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत है।



### डोनाल्ड ट्रंप ने कनेस्सेट में कहा – "इजराइल और फिलिस्तीन के लिए लंबा दु:स्वप्न समाप्त"

**यरूशलम,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल की संसद कनेस्सेट में ऐतिहासिक संबोधन करते हुए कहा कि "इजराइल और फिलिस्तीन के लिए लंबा दुःस्वप्न समाप्त हो गया है।" यह वक्तव्य गाजा युद्धविराम और बंधक रिहाई के बाद दिया गया। ट्रंप ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि इजराइल ने असाधारण साहस और दृढ़ता दिखाई है। उन्होंने इसे "आतंक और मृत्यु के युग का अंत तथा आस्था, आशा और ईश्वर के युग की शुरुआत" बताया। संबोधन के दौरान अरब सांसद आयमन ओदेह ने विरोध जताते हुए कहा कि नेतन्याहू सरकार को गाजा में हुए अपराधों से मुक्त नहीं किया जा सकता। वहीं नेतन्याहू ने ट्रंप को "इजराइल के इतिहास में व्हाइट हाउस के सबसे बड़े मित्र" कहा और इजराइली सेना की वीरता की प्रशंसा की। ट्रंप के कनेस्सेट प्रवेश पर सांसदों ने खड़े होकर तालियों से स्वागत किया।

## ईडी ने कफ सिरप मौत मामले में श्रीसन फार्मा के सात ठिकानों पर की छापेमारी

**- एजेंसी ने तमिलनाडु के दवा नियंत्रण अधिकारियों और श्रीसन फार्मा पर छापेमारी**

**चेन्नई,** (हि.स)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कफ सिरप से हुईं मौतों से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीसन फार्मा के चेन्नई स्थित ठिकानों और तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत की है।
आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने जिन ठिकानों पर छापेमारी की है, उनमें तमिलनाडु औषधि नियंत्रण कार्यालय (ड्रग कंट्रोल विभाग) के शीर्ष अधिकारियों के आवास भी शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ दर्ज पुलिस शिकायतों का संज्ञान लेते हुए धन शोधन विरोधी कानून के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद की है।
उल्लेखनीय है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने की वजह से मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल के दिनों में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। इसकी वजह किडनी खराब होना रहा है। श्रीसन फार्मा कंपनी में कोल्ड्रिफ कफ सिरप का उत्पादन किया जाता है। इस मामले में कंपनी के मालिक 73 वर्षीय जी. रंगनाथन को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिले पीयूष गोयल, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली** (हि.स.)। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष से सोमवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। अनीता इस समय दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। 2023 के बाद किसी भी कनाडाई मंत्री का यह पहला भारत दौरा है।
वाणिज्य भवन में कनाडा के विदेश मंत्री अनीता आनंद का स्वागत किया। गोयल ने आगे लिखा है, दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जानकर प्रसन्नता हुई। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि हमारी चर्चा ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के क्षेत्रों की खोज पर केंद्रित रही।



साथ ही, विश्वास और सम्मान पर आधारित पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए भारत की तत्परता को दोहराया गया।
इससे पहले कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

## भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दो एके 47 राइफलें बरामद



**अमृतसर,** (हि.स.)। पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) और बीएसएफ ने तरनतारन के खेमकरण क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाकर भारत-पाक सीमा के पास से दो ए.के.-47 राइफल, एक पी एक्स 5 स्टॉर्म पिस्तौल, मैगज़ीन और कारतूस सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हथियारों का पाकिस्तान से आना स्पष्ट हुआ है। एआईजी सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि हथियार तस्करी नेटवर्क का पूरा खुलासा करने के लिए जांच जारी है।

## गायिका नेहा सिंह राठौर पर दर्ज एफआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार

**नई दिल्ली** (हि.स.)। उच्चतम न्यायालय ने गायिका नेहा सिंह राठौर को कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने पहलगाम हमले के बाद ट्वीट करने पर नेहा सिंह राठौर पर दर्ज एफआईआर के मामले में कोई भी दखल देने से इनकार कर दिया है।
सुनवाई के दौरान नेहा सिंह राठौर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वो ट्रायल का सामना करने को तैयार हैं, लेकिन याचिकाकर्ता पर बगावत जैसी धारा नहीं लगाई जा सकती है। तब उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आप ये बातें ट्रायल के समय या आरोप तय करते समय रख सकते हैं।



दरअसल, नेहा सिंह राठौर ने पहलगाम आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इस पोस्ट के बाद नेहा सिंह राठौर पर उत्तर प्रदेश में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पोस्ट में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। नेहा सिंह राठौर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 197, 152, 353 और आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। नेहा सिंह राठौर ने इसी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की वोट चोरी मामले की एसआईटी जांच संबंधी याचिका

**नई दिल्ली** (हि.स.)।

**1 जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्वाचन आयोग से संपर्क करने का निर्देश दिया**

सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों की एसआईटी जांच की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह मामला निर्वाचन आयोग के पास उठाया जाए, न कि जनहित याचिका के रूप में कोर्ट में। याचिकाकर्ता रोहित पांडेय ने दावा किया था कि राहुल गांधी के 7 अगस्त के आरोपों की पुष्टि में उन्हें पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, डुप्लीकेट और अमान्य वोटर शामिल हैं। याचिका में पारदर्शी जांच, स्वतंत्र ऑडिट और वोटर लिस्ट को मशीन रीडेबल बनाने की मांग की गई थी।



# बिहार विधानसभा चुनाव : राजग गठबंधन आज शाम में करेगा उम्मीदवारों सूची का एलान




**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पहली उम्मीदवार सूची अब मंगलवार को जारी होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजग की सभी पांच सहयोगी पार्टियां मंगलवार शाम तक अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर देंगी। इसके पहले राजग ने सोमवार शाम को सूची जारी करने का समय निर्धारित किया था, लेकिन आखिरी क्षण में इसे स्थगित कर दिया गया।

**छोटे सहयोगियों की नाराजगी**

सूची स्थगित होने का मुख्य कारण दो छोटे सहयोगी दलों, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) की नाराजगी थी। जीतन राम मांझी ने सार्वजनिक रूप से अपनी असंतोष जाहिर किया कि उनकी पार्टी को केवल छह सीटें दी गई हैं, जबकि वे 15 सीटों की मांग कर रहे थे। मांझी ने कहा कि कम सीटों का आवंटन राजग के प्रदर्शन पर नकारात्मक असर डाल सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस असंतोष को नजरअंदाज किया गया तो चुनाव परिणाम पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**भाजपा-जदयू के बीच मतभेद**

कुछ सीटों को लेकर भाजपा और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के बीच भी मतभेद बढ़ रहे थे। पहले दोनों दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया पर उम्मीदवारों की घोषणा का समय पोस्ट किया था। हालांकि, सूची स्थगित होने के बाद उन्होंने अपने पोस्ट हटा दिए। इससे संकेत मिलता है कि सीटों के अंतिम बंटवारे को लेकर भी दोनों बड़े दलों के बीच सहमति पर अंतिम निर्णय अभी पूरी तरह से नहीं हुआ है।

**सीटों का अंतिम बंटवारा**

अंतिम बंटवारे के अनुसार, भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। लोजपा-आर को 29 सीटें दी गई हैं, जबकि हम और आरएलएम को छह-छह सीटें दी गई हैं। राजग का यह कदम पांचों सहयोगी दलों के संतुलन और चुनावी सहयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अब चुनावी रणनीति के अनुसार, मंगलवार शाम को पहली सूची के साथ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक होने के बाद सभी दल अपनी चुनावी तैयारियों में तेजी लाएंगे।

**आरएलएम की निराशा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी केवल छह सीटें दी गईं। कुशवाहा ने कहा कि यह संख्या हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं है और इससे हमारे कार्यकर्ता निराश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय सही था या गलत, इसका निर्णय समय ही करेगा। इस स्थिति ने राजग की तालमेल प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बना दिया है और सभी दलों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता को सामने रखा है।

**राजग की यह तैयारी आगामी** विधानसभा चुनाव में गठबंधन की ताकत और सभी सहयोगी दलों की संतुष्टि बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। वहीं चुनावी माहौल में स्थगन की सूचना ने राजनीतिक दलों और मतदाताओं के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है।

- राजग की पहली उम्मीदवार सूची मंगलवार को जारी होगी।
- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सीट आवंटन पर असंतोष जताया।
- जीतन राम मांझी ने अपनी पार्टी को केवल छह सीटों पर नाराजगी दिखाई।
- भाजपा और जदयू के बीच कुछ सीटों को लेकर मतभेद रहे।
- अंतिम बंटवारे के अनुसार, भाजपा-जदयू 101-101, लोजपा-आर 29 और हम-आरएलएम छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# बिहार विधानसभा चुनाव : जन सुराज पार्टी ने की उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी



**पटना,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जनसुराज पार्टी ने सोमवार को अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी की। इस सूची में कुल 65 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इससे पहले पहली सूची में 51 उम्मीदवारों की घोषणा की गई थी। दोनों सूचियों को मिलाकर अब तक कुल 116 उम्मीदवारों का एलान हो चुका है। पहली सूची में पिछड़ा और अति-पिछड़ा समाज के लोगों को विशेष प्राथमिकता दी गई थी।

**प्रमुख उम्मीदवार और उनकी पृष्ठभूमि** : दूसरी सूची में सबसे चर्चित नाम भागलपुर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभयकांत झा हैं। अभयकांत झा ने भागलपुर दंगा पीड़ितों का लगभग निःशुल्क केस लड़कर 850 परिवारों को बचाया और उनका पुनर्वास कर मुआवजा दिलाया। उन्होंने ऐसे लोगों की मेरठ जाने की योजना को रोकते हुए उनके भागलपुर में ही रहने की व्यवस्था की। इसके अलावा पूर्वी चंपारण के सुगौली विधानसभा क्षेत्र से रामचंद्र सहनी का नाम भी सूची में शामिल है। वे 2005 से 2010 तक मंत्री और 2020 तक विधायक रहे हैं। उम्र के कारण 2020 में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया, लेकिन पार्टी के लिए सक्रिय रहे। अब वे जनसुराज पार्टी में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

**राज्यभर के उम्मीदवारों का विवरण** : इस सूची में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया के विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार शामिल हैं। इसमें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) क्षेत्रों के लिए भी उम्मीदवारों का नाम रखा गया है।

**आचार संहिता के तहत तैयारी** : सूची जारी करते समय पार्टी ने पूरी तरह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित आचार संहिता का पालन किया। उम्मीदवारों की घोषणा सार्वजनिक रूप से की गई और किसी भी प्रकार की अनैतिक या प्रभावित करने वाली गतिविधियों से बचा गया। अब पार्टी अपने सभी उम्मीदवारों को आचार संहिता के तहत प्रचार और चुनावी तैयारी करने के निर्देश देगी। इस तरह, जनसुराज पार्टी की दूसरी सूची ने पार्टी की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों की सामाजिक पृष्ठभूमि और आचार संहिता के पालन को स्पष्ट रूप से उजागर किया है।

**उम्मीदवारों के विशेष योगदान :**

कुछ उम्मीदवार अपने क्षेत्र में समाज सेवा और स्थानीय मामलों में सक्रिय रहे हैं। जैसे अभयकांत झा ने दंगा पीड़ित परिवारों का पुनर्वास कराया। वहीं कई अनुभवी नेता जैसे रामचंद्र सहनी अपने लंबे राजनीतिक अनुभव के साथ पार्टी की रणनीति में योगदान देंगे। यह उम्मीदवार सूची सामाजिक समावेश और अनुभव के आधार पर तैयार की गई है।

**चुनावी रणनीति और उद्देश्य**

जनसुराज पार्टी का उद्देश्य पिछड़ा और अति-पिछड़ा समाज के साथ अन्य वर्गों को भी समान प्रतिनिधित्व देना है। पार्टी ने उम्मीदवारों का चयन विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के संतुलित प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर किया है। सूची के माध्यम से पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारी को स्पष्ट रूप से दर्शाया है।

# पटना में छठ महापर्व 2025 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण



**पटना,** (हि.स.)आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना ने जिलाधिकारी पटना, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना, नगर आयुक्त पटना नगर निगम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छठ महापर्व, 2025 की तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने दीघा पाटीपुल घाट से कलेक्टोरेट घाट तक विभिन्न घाटों का पैदल स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने और छठव्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से दुर्घटना-रहित तथा प्रशासनिक सुविधा-युक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारियों को तीव्र गति से तैयारी पूर्ण करने और निर्धारित लक्ष्य अनुसार व्यवस्था पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की अर्द्धसैनिक बल एवं वाहन कोषांग के कार्यों की समीक्षा



**पटना,** (हि.स.)जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, सारण अमन समीर की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम चुनाव, 2025 के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बल कोषांग और वाहन कोषांग की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**आवासीय सुविधाओं का सत्यापन** : अर्द्धसैनिक बलों के लिए चयनित सभी आवास स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और समय-समय पर भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। प्रतिदिन बल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की भी हिदायत दी गई।

**वाहनों की उपलब्धता और संचालन** : अर्द्धसैनिक बलों के क्षेत्र भ्रमण हेतु पर्याप्त संख्या में उपयुक्त वाहन उपलब्ध कराने और उनके संचालन में ईंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

यह बैठक सुनिश्चित करती है कि अर्द्धसैनिक बल और वाहन कोषांग की तैयारी समय पर पूरी हो और चुनाव प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न हो।

**ईंधन भुगतान की नियमित प्रक्रिया** : जिला परिवहन पदाधिकारी और सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पेट्रोल पंपों से वाउचर प्राप्त कर साप्ताहिक रूप से ईंधन का भुगतान नियमित रूप से करें।

**मतगणना के बाद वाहन भुगतान** : निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों का मतगणना प्रक्रिया समाप्त होने के सात दिनों के भीतर शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 19 नवंबर, 2025 तक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# गठबंधन में सीट शेयरिंग के हिसाब से नाखुश उपेंद्र कुशवाहा ने किया भावुक ट्विट, कार्यकर्ताओं से मांगी माफी

**पटना,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आखिकार गठबंधन ने बीते कल सीटों का बंटवारा कर लिया लेकिन सीट बंटवारे के बाद भी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की नाराजगी खत्म नहीं हुई है।

सीट शेयरिंग के बाद रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर ऐसा बयान दिया है जिससे कयास लगने लगे हैं कि कुशवाहा एनडीए छोड़ सकते हैं। एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है कि क्या उपेंद्र कुशवाहा एनडीए से नाता तोड़ सकते हैं। कुशवाहा ने सीट शेयरिंग के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर ट्विट कर अपने कार्यकर्ताओं से माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा है कि आने वाला समय कुछ बताएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कार्यकर्ता उनकी विवशता को समझे।



**उपेंद्र कुशवाहा का भावुक पोस्ट**

उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर लिखा कि, "प्रिय मित्रों/साथियों, आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पायी। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों - लाखों लोगों का मन दुखी होगा। आज कई घरों में खाना नहीं बना होगा। परन्तु आप सभी मेरी एवं पार्टी की विवशता और सीमा को बखूबी समझ रहे होंगे। किसी भी निर्णय के पीछे कुछ परिस्थितियां ऐसी होती हैं जो बाहर से दिखतीं हैं मगर कुछ ऐसी भी होती हैं जो बाहर से नहीं दिखतीं। हम जानते हैं कि अन्दर की परिस्थितियों से अनभिज्ञता के कारण आपके मन में मेरे प्रति गुस्सा भी होगा, जो स्वाभाविक भी है। आपसे विनम्र आग्रह है कि आप गुस्सा को शांत होने दीजिए, फिर आप स्वयं महसूस करेंगे कि फैसला कितना उचित है या अनुचित। फिर कुछ आने वाला समय बताएगा। फिलहाल इतना ही। सधन्यवाद। आपका, उपेन्द्र कुशवाहा"।

# रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए बिहार की टीम घोषित, वैभव सूर्यवंशी को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**पटना,** (हि.स.)। बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने रविवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के पहले दो मैचों के लिए वरिष्ठ टीम की घोषणा कर दी। चयन समिति की बैठक के बाद 14 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। टीम की कमान साकिबुल गनी को सौंपी गई है, जबकि वैभव सूर्यवंशी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे।

बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा, "यह टीम अनुभव और युवा जोश का शानदार मिश्रण है। हमें विश्वास है कि यह टीम रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करेगी। वैभव ने हाल के दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और यह बिहार में क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। हमें भरोसा है कि यह टीम इस सीजन में मजबूत दावेदारी पेश करेगी।"

इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे अंडर-19 वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 52 गेंदों में तूफानी शतक जमाया था। तब ही बीसीए अध्यक्ष ने कहा था कि यह युवा बल्लेबाज भविष्य में कई रिकॉर्ड तोड़ेगा। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की ओर से खेलते हुए वैभव ने सात मैचों में 252 रन बनाए और वह इस सीजन के उभरते सितारों में से एक रहे। इसके अलावा, वैभव को इस वर्ष पटना में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का भी अवसर मिला था।

बिहार की 14 सदस्यीय टीमः

पियूष कुमार सिंह, भास्कर दुबे, साकिबुल गनी (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), अर्नव किशोर, आयुष लोहुरुका, बिपिन सौरभ, अमोद यादव, नवाज खान, साकिब हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम और सचिन कुमार।

सपोर्ट स्टाफः

विनायक सामंत (हेड कोच), कुमार मृदुल (असिस्टेंट कोच), डॉ. हेमेंदु कुमार सिंह (फिजियोथेरेपिस्ट), गोपाल कुमार (एस एंड सी कोच)।

# बिहार में गुलाबी ठंड की दस्तक, सुबह और रात में हल्की सिरहन



**पटना,** (हि.स.)।बिहार में गुलाबी ठंड की दस्तक से मौसम सुहाना हो गया है। सुबह और रात में हल्की सिरहन महसूस हो रही है। दिन और रात के तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा रही है।

पटना मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और कमी आने की संभावना है। राज्य के कई जिलों में ठंडी हवाओं का असर महसूस किया जा रहा है। गांवों में सुबह के समय में बहुत अधिक ठंड महसूस करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार अब बारिश की कोई संभावना नहीं है। मानसून कमजोर पड़ने के साथ ही हवा की दिशा और उसकी प्रकृति में बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से सुबह और शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। कई इलाकों में हल्का कोहरा भी देखा जा रहा है। विभाग का अनुमान है कि 15 अक्टूबर के बाद राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में तापमान और नीचे जा सकता है। फिलहाल आसमान साफ रहेगा और शुष्क हवाओं के चलते रातें ठंडी जबकि दिन सुहावने बने रहेंगे।

राजधानी पटना सहित अधिकांश जिलों में इस समय दिन का अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है जबकि रात का न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में दिन के तापमान में एक से दो डिग्री तक की हल्की वृद्धि संभव है। जबकि रात के तापमान में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

# पूर्णिया में प्रथम रैंडमाइजेशन : ईवीएम एवं वीवीपैट का विधानसभा-वार आवंटन कार्य सम्पन्न

## प्रथम रैंडमाइजेशन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट का आवंटन ,राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों के तहत पूर्णियाँ जिले में प्रथम रैंडमाइजेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महानन्दा सभागार, समाहरणालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विधानसभा क्षेत्रों 56-अमौर, 57-बायसी, 58-कसबा, 59-बनमनखी, 60-रूपौली, 61-धमदाहा एवं 62-पूर्णियाँ के ईवीएम एवं वीवीपैट को यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार, द्वारा प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया का संचालन किया गया।

**राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय दलों की उपस्थिति**



प्रथम रैंडमाइजेशन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट का आवंटन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित दलों में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन) शामिल थे।

**ईवीएम एवं वीवीपैट का आवंटन प्रक्रिया**



प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया का संचालन करते जिला निर्वाचन सह जिला पदाधिकारी पूर्णिया

प्रथम रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के EVM Management System (EMS) पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न किया गया। इस प्रक्रिया के तहत प्रथम स्तरीय जाँच (FLC) में सही पाए गए ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया। रैंडमाइजेशन के उपरांत, विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित ईवीएम एवं वीवीपैट की सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित की गई।

**भंडारण एवं अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध**

आवंटन के बाद सभी ईवीएम एवं वीवीपैट को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम में मान्यता प्राप्त दलों की उपस्थिति में सुरक्षित भंडारित किया जाएगा। इसके अलावा, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची घोषित होने के बाद, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित ईवीएम और वीवीपैट की सूची उन्हें भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**निर्वाचन सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के मैनुअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के निर्देशों का पालन करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि सभी ईवीएम एवं वीवीपैट सही और प्रामाणिक स्थिति में निर्वाचन में उपयोग के लिए उपलब्ध हों।

**पूर्णियाँ जिले में प्रथम रैंडमाइजेशन का आयोजन एव आवंटन**

विधानसभा क्षेत्र:- 56-अमौर, 57-बायसी, 58-कसबा, 59-बनमनखी, 60-रूपौली, 61-धमदाहा, 62-पूर्णियाँ

# पूर्णिया में चुनावी बिगुल : डीएम-एसपी ने की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस, सुरक्षा और पारदर्शिता पर खास जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होते ही पूर्णिया जिले में नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। हालांकि नामांकन के पहले दिन किसी भी दल के प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत रावत की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को महानंदा सभागार, समाहरणालय परिसर, पूर्णिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

**पारदर्शी, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध**

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान डीएम और एसपी दोनों ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त चुनाव कराना है। प्रशासन मतदाताओं से अपील करता है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।




**नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण — डीएम**

मीडिया को संबोधित करते हुए डीएम अंशुल कुमार ने बताया कि जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों — अमौर, बायसी, कसबा, बनमनखी, रूपौली, धमदाहा और पूर्णिया — में नामांकन की प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि "निर्वाची पदाधिकारी निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य कर रहे हैं। सोमवार को भले ही कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ हो, लेकिन सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह तैयार हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि नामांकन, जांच और एनआरसी से संबंधित सभी विवरण निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर समय पर अपलोड किए जा रहे हैं। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कैश लेन-देन की सघन निगरानी की जा रही है।



**सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त :एसपी**

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत रावत ने बताया कि जिले में अब तक 15 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) की तैनाती की जा चुकी है। जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और वाहन जांच लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि "अंतर जिला सीमाओं पर 29 चेकपोस्ट तथा दालकोला में 4 अंतरराज्यीय चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां CAPF के जवान लगातार चौकसी बरत रहे हैं।" अब तक जिले में 139 आपराधिक तत्वों के विरुद्ध CCA के अंतर्गत प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, जिससे शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

# निर्वाचन कोषांगों की समीक्षा बैठक : डीएम ने दिए निर्देश



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में सभी कोषांगों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक कोषांग की अद्यतन कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों में तेजी लाई जाए और निर्धारित समय पर गुणवत्ता पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है और दैनिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। बैठक में मतदाता जागरूकता, स्वीप गतिविधियाँ, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण और कानून-व्यवस्था जैसे मुख्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पूरी निष्ठा से सहयोग करें।

# अपील : खुशी के हर अवसर पर एक पेड़ 🌳 जरूर लगाएं : डॉ. एके गुप्ता

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

अपनी हर खुशी में परिवार को ही नहीं बल्कि पर्यावरण को भी शामिल करें। मैं शहरवासियों से अपील करना चाहता हूं कि आप अपनी हर खुशी के अवसर पर एक पेड़ जरूर लगाएं, ताकि हमारा पर्यावरण बच सके और हम स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें। उक्त बातें ग्रीन पूर्णिया के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कही। वे 12 अक्टूबर को कलाभवन में पौधरोपण के दौरान बोल रहे थे। दरअसल, ग्रीन पूर्णिया के सदस्यों ने कलाभवन परिसर में ५० छायादार और फलदार पौधे लगाए। ग्रीन पूर्णिया के सदस्य रविवार की सुबह 7 बजे डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की



अगुवाई में कलाभवन पहुंचे और पौधरोपण किया। इस मौके पर संस्था के सचिव रवींद्र कुमार साह ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और शहरवासियों से पेड़ की सुरक्षा एवं संरक्षण का आह्वान किया। पौधरोपण के दौरान संस्था के डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, रवींद्र कुमार साह, सपना कुमारी, संगीता ठाकुर, उषा सिंह, माला चौधरी, लता झा, प्रेमलता कुमारी, रूपा जैजानी, सरोज अग्रवाल, अमिता गुप्ता, ज्ञान कुमारी राय, रूबी सिंह, अर्पण वर्मा, नीलू गुप्ता, नेहा कुमारी, आयुष कुमार, शुभम मिश्रा, वैष्णवी मिश्रा, हरिओम मिश्रा, राजबली कुमार, निगम कुमार, अंकित मिश्र, बादल झा, अशोक मिश्रा, प्रणय कुमार, दीपक गुप्ता, संजय कुमार, प्रमोद जायसवाल, श्रवण जैजानी, सत्यनारायण मंडल, भूपेंद्र प्रसाद यादव, नीलम अग्रवाल, आलोक लोहिया, निकाश कुमार, सुभाष मोदी, रवि सुधा चौधरी, मनोहर दास, संजय कुमार, अजय कांत आदि मौजूद थे।

# पूर्णिया में स्वीप की बैठक : मतदाता जागरूकता के लिए बनाया कार्ययोजना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों के तहत जिला स्तरीय स्वीप कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन-सह-वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग ने की। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य एवं जीविका शामिल थे।

**स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने पर चर्चा**:बैठक में वरीय पदाधिकारी ने स्वीप गतिविधियों


स्वीप कोषांग की समीक्षा बैठक मे शामिल अधिकारी

के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में तेजी लाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। इसके माध्यम से मतदाता जागरूकता के लिए रचनात्मक एवं प्रभावी गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

**मतदाता जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश**:वरीय पदाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों—जैसे रैली, शपथ, रंगोली, बैठक और सामुदायिक संवाद—का आयोजन किया जाए। उनका उद्देश्य यह था कि सभी पात्र मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**समान्य दिशा और समन्वय पर जोर**:बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वीप कोषांग के सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इससे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो और सभी मतदाता समय पर अपने मतदान केंद्र पर पहुँच सकें।

# कोसी और सीमांचल के SBI पेंशनर्स की त्रैवार्षिक आम सभा सम्पन्न,

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कोसी और सीमांचल प्रक्षेत्र के सात जिलों से आए भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन (SBIPA) के सदस्यों की त्रैवार्षिक 2025-28 आम सभा बैंक के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। अंचल अध्यक्ष सह सभा अध्यक्ष श्री भगवती शरण वर्मा ने पटना से आए संघ के पदाधिकारियों का अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

**प्रमुख उपस्थितिगण और श्रद्धांजली**:सभा की आधिकारिक अध्यक्षता श्री सी.पी. सिंह, मंडल अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर हरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष SBI Pensioner Federation, सह सचिव SBIPA पटना, और केंद्रीय समिति के श्री ललन प्रसाद



शर्मा (उपाध्यक्ष), रमेश तिवारी (संयुक्त सचिव) और वी.के. चौधरी (सदस्य) उपस्थित रहे। सभी दिवंगत सदस्यों को याद करते हुए दो मिनट का श्रद्धांजली अर्पित किया गया और उपस्थित सदस्यों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

**संगठन और सदस्यता वृद्धि पर जोर**:सभा में सहमति बनी कि प्रत्येक माह सभी जिलों में मासिक बैठकें आयोजित की जाएँ। इससे सदस्यों के बीच आपसी संबंध और संगठन की मजबूती सुनिश्चित होगी। पेंशनर्स की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया और सेवानिवृत्त साथी जो सदस्य नहीं हैं, उन्हें तुरंत जोड़ा जाएगा। नई सदस्यता को निरंतर बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

**पेंशन और मेडिकल सुधारों की जानकारी**:सभा में फैमिली पेंशन में हुए सुधार की जानकारी साझा की गई। पेंशनर्स के देहांत होने पर परिवार को एकमुश्त ₹30,000/- भुगतान सुनिश्चित करने का प्रावधान सभी ने सराहा। इसके अलावा मेडिकल सुविधाओं में सुधार पर भी प्रकाश डाला गया। संगठन ने पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान में सकारात्मक सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

**नई कार्यकारिणी समिति 2025-28 का गठन** :पूर्णिया अंचल समिति (2025-28): अध्यक्ष किशोर कुमार साह, उपाध्यक्ष भवेश चंद्र मिश्रा एवं समरेश कुमार दास, उप महा सचिव रुद्र नारायण सहाय, सहायक महासचिव ज्योतिष चंद्र दत्ता एवं अरुण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्र शेखर दास, सहायक कोषाध्यक्ष माया राम उरांव, कार्यकारिणी सदस्यः सुनील कुमार झा, विवेका नंद झा, अजय कुमार, वी.के. भगत, विजय कुमार और रमेश कुमार यादव।

पूर्णिया जिला समिति (2025-28): अध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अजय कांत झा, उप महासचिव मधुरेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र चक्रवर्ती, कार्यकारिणी सदस्यः उमेश चंद्र मिश्रा, पुलक कुमार सिन्हा और विनय कुमार सिंह।

# चुनाव : पूर्णिया में व्यय प्रेक्षक का आगमन,डीएम और एसपी ने किया स्वागत , व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिले में व्यय प्रेक्षक महोदयों का आगमन हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने महोदयों का हरित क्लस भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।मौके पर एसपी पूर्णिया स्वीटी सेहरावत भी मौजूद थीं । आगंतुक व्यय प्रेक्षक श्री एस. वेंकटेश, आई.आर.एस. – अमौर, बायसी, कसबा और पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र श्री टगाडे नितिन मधुकरराव, आई.आर.एस. – रुपौली, धमदाहा और बनमनखी विधानसभा क्षेत्र

दोनों प्रेक्षकअधिकारियों का आवासन जिला परिषद, डाक बंगला, अतिथि गृह, पूर्णिया में सुनिश्चित किया गया है।





व्यय पर्यवेक्षक के आगमन पर उनका स्वागत करते जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार :न्यूज स्केल

**व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग की समीक्षा**

दोनों प्रेक्षकअधिकारियों के पूर्णिया आगमन के तुरंत बाद सोमवार को व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोषांग के नोडल पदाधिकारी और सहायक व्यय प्रेक्षक उपस्थित थे।बैठक में व्यय लेखा निगरानी की तैयारियों और प्रगति की विस्तृत चर्चा की गई।इस दौरान सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं, खर्च की पारदर्शिता और आदर्श आचार संहिता के पालन पर जोर दिया गया।

**आगामी विस्तृत बैठक और दिशा-निर्देश** :व्यय प्रेक्षक ने बैठक मे यह निर्देश दिए कि आगामी विस्तृत चर्चा और निरीक्षण के लिए 14 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:00 बजे, महानंदा सभागार, समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की जाएगी।बैठक में सभी संबंधित अधिकारी और नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और कोषांगवार कार्यों की समीक्षा करेंगे।

**संपर्क विवरण और शिकायत केंद्र** :व्यय प्रेक्षक महोदयों के संपर्क विवरण इस प्रकार हैं:
एस. वेंकटेश: मोबाइल 8809011676, टेलीफोन 06454-241042
टगाडे नितिन मधुकरराव: मोबाइल 8271652468, टेलीफोन 06454-241043

**शिकायत और जानकारी के लिए कॉल सेंटर-सह-शिकायत केंद्र,**
व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग से संबंधित शिकायत और जानकारी के लिए कॉल सेंटर-सह-शिकायत केंद्र, समाहरणालय स्थित एकीकृत कमान व नियंत्रण केंद्र, पूर्णिया 24×7 उपलब्ध है।
दूरभाष संख्या: 06454-241555, 243000, 242310
नागरिक इन नंबरों पर निर्वाचन व्यय और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**उद्देश्य और महत्त्व**

इस पहल का उद्देश्य है कि चुनाव में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सही व्यय लेखा सुनिश्चित किया जाए। व्यय प्रेक्षक महोदय और जिला प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी शिकायतों का समय पर निराकरण हो और आम नागरिक सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# इंटैक राज्य स्तरीय नेशनल हेरिटेज क्विज़ में पूर्णिया चैप्टर और विद्या विहार के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

## विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक), बिहार एवं इंटैक पटना चैप्टर के तत्वावधान में बुद्ध स्मृति पार्क संग्रहालय सभागार, पटना में राज्य स्तरीय इंटैक नेशनल हेरिटेज क्विज़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में पूर्णिया, पटना, गया, भागलपुर और नवादा सहित राज्य के विभिन्न चैप्टरों की कुल नौ टीमों ने भाग लिया। क्विज़ मास्टर के रूप में शिक्षाविद् अतुल प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

**पूर्णिया चैप्टर की ऐतिहासिक जीत**

पूर्णिया चैप्टर और विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल (वी.वी.आर.एस.) के विद्यार्थियों सबल कुमार और दर्शील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह विजेता टीम अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी।

द्वितीय स्थान पटना चैप्टर और सेंट कैरेंस हाई स्कूल के अर्णव प्रकाश और जयेश राणा ने प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान भी विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल की टीम प्रेम चौधरी और अक्षत भारद्वाज ने हासिल किया।



### -: प्रशंसा और प्रेरणा :-

पूर्णिया चैप्टर के संयोजक राजेश चंद्र मिश्र ने दोनों टीमों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कृति के प्रति समर्पण और मार्गदर्शकों की प्रेरणा का परिणाम है।विद्यालय निदेशक रंजीत कुमार पॉल ने कहा कि यह जीत सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्राचार्य निखिल रंजन ने भी विजेता छात्रों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में भारत की विरासत, इतिहास और संस्कृति के प्रति सम्मान और समझ विकसित करती हैं।

**लगातार चार वर्षों की सफलता**

पूर्णिया चैप्टर के सह-संयोजक डॉ. रमन ने बताया कि विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल की टीमें लगातार चार वर्षों (2022–2025) से पूर्णिया सिटी लेवल विजेता रही हैं।

**वर्ष 2022 : राज्य स्तरीय प्रथम स्थान**

वर्ष 2023 और 2024: द्वितीय स्थान

इस वर्ष दो टीमों का राज्य स्तर पर शीर्ष तीन में स्थान पाना विद्यालय और पूर्णिया चैप्टर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**प्रमुख उपस्थितिगण**

इस अवसर पर बिहार इंटैक और पटना चैप्टर के संयोजक भैरव लाल दास, सह-संयोजक डॉ. शिव कुमार मिश्र, पूर्णिया चैप्टर के सह-संयोजक डॉ. रमन, नवादा चैप्टर के बच्चन कुमार पांडेय, विशाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# आँगनबाड़ी केंद्रों पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग एवं सह- जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, पूर्णिया के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के आँगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और आँगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण माह के कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वीप कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

सभी केंद्रों पर वरीय मतदाताओं के साथ जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। परिवार के सदस्यों को भी यह समझाया गया कि मतदान के दिन उन्हें अपने मतदाता को निर्वाचन केंद्र तक अवश्य ले जाना चाहिए।

जागरूकता सत्र में विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि "सारे काम छोड़ो, सबसे पहले वोट दो", ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

केंद्रों पर उपस्थित सेविकाओं ने स्थानीय समुदाय और वरीय मतदाताओं को सक्रिय रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी वरीय मतदाता अपने मत का सही समय पर उपयोग करें और मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। इस पहल से न केवल मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समुदाय में लोकतंत्र के प्रति विश्वास और सहयोग भी मजबूत होगा।

# निरीक्षण और निर्देश: महापौर विभा कुमारी ने छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा, घाटों पर साफ-सफाई और सुरक्षा का दिया निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी छठ पूजा को लेकर महापौर विभा कुमारी ने सोमवार को नगर निगम अधिकारियों, कर्मियों, विभिन्न वार्ड पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों के साथ कलाभवन छठ घाट, लॉ कॉलेज छठ घाट, पक्की तालाब, ततमा टोली घाट, बेलौरी बायपास घाट, कालीबाड़ी सौरा नदी सिटी घाट, दमका चौक सहित अन्य घाटों और छठ पोखर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों के चारों ओर साफ-सफाई, पहुंच पथ, रौशनी, लाईटिंग के साथ ही अत्यधिक पानी और तेज बहाव वाले स्थानों का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गहरे और बहाव वाले स्थानों की तुरंत बैरिकेडिंग कर घेराव करवाया जाए।



छठ घाट का निरीक्षण करतीं महापौर विभा कुमारी एव मौके पर उपस्थित अन्य

**सौरा नदी सिटी घाट पर विशेष सावधानी** :महापौर ने बताया कि सौरा नदी सिटी घाट पर प्रतिवर्ष डूबने की घटनाएं घटित होती रही हैं। पिछले वर्ष घाट पर स्टेनलेस स्टील की पाइप और जंजीर से पाइलिंग कर बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आई।महापौर ने कहा कि नदी का जलस्तर और बहाव अभी अधिक है, इसलिए सभी घाटों में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अत्यधिक पानी और तेज बहाव वाले स्थानों को चिन्हित कर बांस-बल्ले और लाल रिबन से बैरिकेडिंग की जाएगी।

**साफ-सफाई और सुविधाओं का निर्देश** :महापौर ने नगर निगम अधिकारियों और कर्मियों को नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी घाटों, तालाबों और पहुंच पथ की साफ-सफाई युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।साथ ही घाटों पर पर्याप्त चेंजिंग रूम और शौचालय बनाए जाएंगे ताकि व्रतियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**महापौर ने नागरिकों से की अपील** :महापौर ने नगर वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि नदियों के जलस्तर और बहाव को देखते हुए विशेष सावधानी बरतें, खासकर अपने बच्चों को गहरे और तेज बहाव वाले स्थानों पर जाने से रोकें।उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद से ही नगर निगम द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है और नियमित निरीक्षण जारी है।

**मौके पर रहे उपस्थित** :निरीक्षण के दौरान सिटी मैनेजर पवन कुमार पवन, वार्ड पार्षद ममता सिंह, स्वपन घोष, नवल जायसवाल, अमित कुमार सोनी, अभिजीत कुमार (निप्पू पासवान), गुलाब हुसैन, राकेश राय, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ललनेश सिंह, कुणाल किशोर, बहादुर यादव, रहीम अंसारी, राजीव मिश्रा और दिलीप चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कृत्यानंदनगर प्रखंड के स्कूलों में स्कूली बच्चों में बैग और कॉपी का वितरण



**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के मध्य और उच्च विद्यालय, चप य गंगेली में स्कूली छात्र एवं छात्राओं के बीच बैग और कॉपी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार मिश्र और मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भवेश जी ने बताया कि यह वितरण बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। बच्चों में बैग और कॉपी प्राप्त होने पर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया।

प्रधानाध्यापकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान करना है। बैग और कॉपी मिलने से छात्रों की पढ़ाई में रुचि और सीखने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी खुशी व्यक्त की और शिक्षकों ने उन्हें सही तरीके से सामग्री का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

# पुलिस की कार्रवाई: बड़हरा और रघुवंशनगर थाना क्षेत्र से तीन गिरफ्तार, 20 लीटर देशी शराब जप्त

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

बड़हरा कोठी एवं रघुवंशनगर थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार 12 अक्टूबर 2025 को बड़हरा थाना एवं रघुवंशनगर थाना पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापामारी कर कुल 20 लीटर देशी शराब जप्त की है। इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है।बड़हरा थाना क्षेत्र के सुखसेना गांव स्थित झौंगी टोल में छापामारी के दौरान पुलिस ने 15 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए एक पुरुष एवं एक महिला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अनिल सोरेन, पिता नंद कुमार सोरेन, निवासी झौंगी टोल, सुखसेना, थाना बड़हरा के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।वहीं, रघुवंशनगर थाना पुलिस ने गोपी नगर परसा गांव में छापामारी कर 5 लीटर देशी शराब बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त बैजू मरांडी पिता स्व. दिना मरांडी, निवासी गोपी नगर परसा, थाना रघुवंशनगर बताया गया है। थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



# भवानीपुर प्रखंड में जीविका संगठनों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न स्तरों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में सोमवार को श्री ओमप्रकाश मंडल, डीपीएम जीविका के मार्गदर्शन में भवानीपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सोनदीप पंचायत के तुलसी जीविका ग्राम संगठन और रघुनाथपुर पंचायत के कोमल ग्राम संगठन के जीविका सदस्य, जिन्हें स्थानीय स्तर पर जीविका दीदीयाँ कहा जाता है, ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर अभियान को सक्रिय रूप से संचालित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व, अपने मताधिकार का प्रयोग और परिवार के सभी सदस्यों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र मतदाता अपने मत का प्रयोग करें और आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ सके। स्वीप कोषांग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे मतदाता अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# समीक्षा :पूर्णिया प्रमंडल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की व्यापक समीक्षा

**पूर्णिया प्रमंडलीय आयुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम नेपाल, पश्चिम बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती जिलों के मुख्य जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, के साथ समीक्षा बैठक की**

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल राजेश कुमार ने बिहार विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को नेपाल, पश्चिम बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती जिलों के मुख्य जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक और प्रमंडल अंतर्गत जिले के जिला अधिकारी/पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, सुरक्षा और अधिकतम मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों ने वर्तमान



स्थिति और तैयारियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रमंडलीय आयुक्त ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और सभी सुरक्षा और निगरानी उपाय पूरी तरह प्रभावी रहें।

**प्रमंडलीय आयुक्त ने दिये प्रमुख दिशा-निर्देश**

प्रमंडलीय आयुक्त ने बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामलों में सभी साक्ष्य सुस्पष्ट और संधारित हो। साथ ही, एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा नगदी या अन्य अवैध सामग्री पकड़े जाने पर त्वरित निर्णय लेने का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े।प्रमंडलीय आयुक्त ने FST/SST संचालन सुचारु बनाए रखने, संबंधित जिलों में कम से कम पांच चेक पोस्ट सक्रिय करने, और सीसीटीवी फुटेज और प्रतिवेदन समय पर प्रमंडल कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।साथ ही सभी जिलों को मतदाता जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया। विशेषकर महादलित टोलो और अन्य पिछड़े क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला स्वीप आइकन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

**सुरक्षा और निरीक्षण पर जोर**

बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त ने होटलों और व्यवसायिक स्थलों की जांच में तेजी लाने पर जोर दिया। सभी जिलों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि मतदान के दौरान सुरक्षा मानक पूर्ण रूप से लागू हों और किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मतदाता सहभागिता बढ़ाने के लिए सभी संबंधित जिलों में स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ।

**समीक्षा बैठक मे सभी संबंधित अधिकारी रहे उपस्थित**

वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में सभी संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्वाचन की तैयारियों, निगरानी, सुरक्षा और मतदाता जागरूकता पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने की सख्त हिदायत दी।

## विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए तकनीकी कर्मियों को प्रशिक्षण



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत श्री राजकुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता के निर्देशन में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के तकनीकी कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी आईटी सहायक और कार्यपालक सहायक ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सिस्टम परमिशन और तकनीकी सुविधाओं का सटीक एवं सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण में कर्मियों को वोटर डेटा, ई-लॉगिन और तकनीकी मॉड्यूल के प्रयोग से संबंधित व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से सुनिश्चित किया गया कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में सभी तकनीकी प्रक्रियाएँ सुचारु, पारदर्शी और त्रुटि-मुक्त हों।

## बनमनखी विधानसभा में दूसरे चरण का नामांकन शुरू, पहला दिन शांतिपूर्ण; कोई उम्मीदवार नहीं आया

**न्यूज स्केल बनमनखी**

जिले की सात विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आगामी 11 नवंबर को मतदान होने से पहले नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (सीट संख्या 59) का नामांकन अनुमंडल कार्यालय परिसर में होगा। निर्वाचक प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए कड़े इंतजाम



किए हैं। प्रशासन ने तीन मुख्य बैरिकेडिंग के साथ अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है ताकि जुलूस या अनियंत्रित भीड़ को अनुमंडल कार्यालय परिसर से 100 मीटर पहले ही रोका जा सके।

**पहला दिन शांतिपूर्ण; कोई नामांकन नहीं**

निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि नामांकन का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा। किसी भी राजनीतिक दल, क्षेत्रीय पार्टी या स्वतंत्र उम्मीदवार ने 13 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया, और न ही नाजिर रसीद कटा। प्रशासन के अनुसार, उम्मीद जताई जा रही है कि 14 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया सक्रिय हो सकती है।

**सुरक्षा और निगरानी के कड़े प्रबंध**:निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्याशी केवल चार समर्थकों के साथ ही कार्यालय पहुंच सकेंगे। सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए झ विशाल बजरंगबली मंदिर, बस स्टैंड, कोशी कालोनी और ब्लॉक गेट पर चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं।साथ ही, प्रशासन ने पूरा नामांकन स्थल वीडियोग्राफी और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी में रखा है, ताकि किसी भी अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**चुनाव की तैयारी पूरी, प्रशासन सतर्क**

निर्वाचक प्रशासन ने सभी आवश्यक इंतजामों को युद्धस्तर पर लागू किया है। बैरिकेडिंग, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और निगरानी व्यवस्था के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर,पथ नगर भ्रमण

**न्यूज स्केल बनमनखी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से आरएसएस समर्थित उत्सव अनुशासित, देश-भक्ति से ओत-प्रोत समर्पित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पारंपारिक भेषभूषा में गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया. संघ के कार्यकर्ताओं ने चीनीमिल रोड से निकली थाना रोड , कोशी कालोनी, बस स्टैंड,मुख्य बाजार, स्टेशन रोड होते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नगर भ्रमण का समापन हुआ.नगर भ्रमण से पूर्व शास्त्रों का पूजन किया गया.



संघ ने इस कार्यपद्धति से लाखों योग्य कार्यकर्त्ता तैयार किए.
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता रंजीत गुप्ता ने कहा कि संघ अपने श्रेष्ठ अधिष्ठान, उत्तम कार्यपद्धति और स्वयंसेवकों के निस्वार्थ देशभक्ति से भरे समरसता युक्त आचरण के कारण समाज का विश्वास जीतने में सफल हुआ है. उन्होंने समरस व सशक्त समाज निर्माण के लिए सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वत्व बोध एवं नागरिक कर्तव्य आदि पंच परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### 15 लीटर देशी शराब बरामद, अभियुक्त की तलाश जारी

डगरूआ थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर थाना टीम ने छापेमारी कर 15 लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना अधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र जिले में अवैध शराब और प्रतिबंधित वस्तुओं पर सख्त निगरानी जारी है। सभी संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की सतत नजर है और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सदर थाना की छापेमारी में 05 अभियुक्त गिरफ्तार, 01 देशी कट्टा और जिंदा कारतूस जब्त

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सदर थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक चार चक्का वाहन, 01 देशी कट्टा, 02 जिंदा कारतूस और 06 मोबाइल जब्त किया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की सूची**

दमन स्नेही उर्फ दमदम सिंह, उम्र 27 वर्ष, पिता भास्कर सिंह, स. भट्ठा बाजार, झंडा चौक, थाना सहायक खजांची, जिला पूर्णिया।
चकमक सिंह, उम्र 19 वर्ष,




पिता भास्कर सिंह, स. भट्ठा बाजार, झंडा चौक, थाना सहायक खजांची, जिला पूर्णिया।
बिक्कू उर्फ विवेक अमन, उम्र 34 वर्ष, पिता विष्णु देव प्रसाद सिंह, स. अलीगंज, थाना बड़हरा कोठी, जिला पूर्णिया।
अमित कुमार सिंह, उम्र 31 वर्ष, पिता रविशंकर सिंह, स. अलीगंज, थाना बड़हरा कोठी, जिला पूर्णिया।
मिलिंद कुमार सिंह, उम्र 24 वर्ष, पिता निराला प्रसाद सिंह, स. घरारा, थाना गोपालपुर, जिला भागलपुर।

**कार्रवाई जारी**

सदर थाना पुलिस ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया जारी है। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत आवश्यक मुकदमे दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

**पुलिस की सतर्कता और सुरक्षा बढ़ाने की पहल**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई जन सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। जिले में इस तरह की सतर्क छापेमारी लगातार जारी रहेगी ताकि अपराधियों को किसी भी प्रकार की गतिविधि के लिए अवसर न मिल सके।

## नामांकन का पहला दिन धमदाहा-रुपौली में कोई उम्मीदवार नहीं आया

**न्यूज स्केल धमदाहा**

विधानसभा चुनाव को लेकर होने वाले दूसरे चरण के नामांकन का पहला दिन सोमवार को अनुमंडल परिसर एवं धमदाहा बाजार आदि जगह पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सुबह 9:00 बजे से ही मुस्तैदी के साथ डटे हुए थे।धमदाहा अनुमंडल में भी दोनों निर्वाचित पदाधिकारी तथा नामित सहायक निर्वाचित



पदाधिकारी 11:00 से 3:00 तक अधिसूचित प्रकोष्ठ में उम्मीदवारों का इंतजार करते रहे लेकिन कोई उम्मीदवार नामांकन हेतु नहीं आए। अनुमंडल पदाधिकारी धमदाहा सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी अनुपम कुमार ने बताया कि आज शाम 3:00 बजे तक रुपौली एवं धमदाहा दोनों विधानसभा हेतु कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।एक भी एनआर भी तक नही कटाया है किसी भी प्रतिनिधि के द्वारा ।

# फिल्म और नृत्य जगत के दिग्गजों ने स्कूल को किया गौरवान्वित

**जी. डी. गोयनका स्कूल, में गणेश आचार्य संग छात्रों ने पाया पेशेवर नृत्य प्रशिक्षण**

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, पूर्णिया में सोमवार को भारतीय सिनेमा के सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर, निर्देशक और अभिनेता मास्टर जी गणेश आचार्य तथा विख्यात कोरियोग्राफर शिवम् दीवान का भव्य आगमन हुआ। गणेश आचार्य ने अब तक 200 से अधिक हिंदी फिल्मों में कोरियोग्राफी की है और 'भाग मिल्खा भाग' तथा 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रांगण में




ओपेरा हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में दोनों अतिथियों का तिलक और पुष्पवर्षा के साथ अभिनंदन किया गया। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने तालियों और नृत्य प्रस्तुति से समारोह का वातावरण उल्लासमय बना दिया। उपस्थित अतिथियों और विद्यालय परिवार ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।

**छात्रों को मिला व्यावहारिक नृत्य प्रशिक्षण का अवसर**

विद्यालय अध्यक्ष डॉ. पियूष अग्रवाल ने मास्टर जी गणेश आचार्य और शिवम् दीवान को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मास्टर जी ने बच्चों को डांस के बेसिक स्टेप्स और तकनीकें सिखाईं। छात्र–छात्राओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ स्टेप्स को दोहराया,



जिससे वातावरण जोश और उल्लास से भर गया। इसके बाद शिवम् दीवान ने विशेष नृत्य वर्कशॉप आयोजित की। उन्होंने बच्चों को अपने अनोखे डांस मूव्स सिखाए और मंच को रचनात्मक ऊर्जा से भर दिया। छात्र–छात्राएं पूरे समय उत्साहित और प्रेरित नज़र आए।

**शिक्षा और रचनात्मक विकास में योगदान**

विद्यालय के प्राचार्य निखिल रंजन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में न केवल नृत्य प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने मास्टर जी और शिवम् दीवान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अवसर बच्चों को कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करता है। विद्यालय में इस प्रकार का आयोजन पूर्णिया में पहली बार आयोजित हुआ है। गणेश आचार्य डांस अकादमी (GADA) की टीम ने छात्रों को पेशेवर प्रशिक्षण का अनूठा अवसर प्रदान किया।

**छात्रों और शिक्षकों की प्रतिक्रिया**

छात्रों ने दोनों कोरियोग्राफरों के साथ इंटरेक्टिव सत्र में अपने प्रश्न पूछे। मास्टर जी और शिवम दीवान ने बच्चों को नृत्य के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत और रचनात्मकता की महत्ता भी समझाई। शिक्षकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बच्चों के लिए जीवन में नए अवसरों और संभावनाओं का द्वार खोलता है। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों की निरंतरता की आशा व्यक्त की।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : अररिया में ईवीएम-वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

**न्यूज स्केल अररिया**

अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में 13 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 3 बजे एनआईसी, अररिया समाहरणालय में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान उपयोग होने वाले ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में विधानसभा क्षेत्रों 46-नरपतगंज, 47-रानीगंज (अजा), 48-फारबिसगंज, 49-अररिया, 50-जोकीहाट और 51-सिकटी के लिए मशीनों का यादृच्छिक आवंटन किया गया। रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल EVM Management System (EMS 2.0) के माध्यम से किया गया, जो चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।




**राजनीतिक दलों की उपस्थिति :** प्रथम रैंडमाइजेशन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रीय जनता दल शामिल थे। सभी विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम एवं वीवीपैट की हस्ताक्षरित सूची राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई।

**मशीनों का आवंटन और भंडारण :** प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम एवं वीवीपैट को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों को आगामी चुनाव में उपयोग हेतु भौतिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखवाया जाएगा, जहां मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उन्हें भंडारित किया जाएगा।

**अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध**
निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित ईवीएम एवं वीवीपैट की सूची अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रक्रिया से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है।

## अररिया में द्वितीय चरण बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से

**न्यूज स्केल अररिया**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के द्वितीय चरण की विधिवत् अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में आज से प्रारंभ हो गई। अररिया जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 11 नवंबर, 2025 (मंगलवार) को निर्धारित किया गया है।

**सभी कोषांगों की समीक्षा**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी कोषांगों के वरीय प्रभारी, नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



**तकनीकी और आदर्श आचार संहिता :** बैठक में आदर्श आचार संहिता, ETPBMS, कम्प्यूटरीकरण, साइबर सुरक्षा, वेबकास्टिंग, मीडिया एवं MCMC, मतदाता सुविधा और शिकायत निवारण से संबंधित कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक नोडल अधिकारी को सुनिश्चित किया कि वे अपने कार्यों में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखें।

**प्रशिक्षण और संसाधन प्रबंधन :** जिला पदाधिकारी ने ससमय प्रशिक्षण कार्यक्रम, चुनाव सामग्री प्रबंधन, वाहनों की उपलब्धता, सुरक्षा और विधि व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और निष्पक्षता के साथ करने के लिए कहा गया। **अन्य तैयारियां :** बैठक में बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट, नाम निर्देशन, बजगृह और मतगणना से संबंधित तैयारियों पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी आवश्यक कार्य समय से संपन्न हों और मतदाता सुविधा पर विशेष ध्यान रखा जाए।

# नामांकन के लिए एक अभ्यर्थी के साथ चार लोगों को मिलेगा प्रवेश, सघन जांच के लिए बने नौ ड्रॉप गेट

**अररिया**(हि.स.)। विधानसभा चुनाव को लेकर फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया सोमवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गई। हालांकि पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन नहीं हुआ। लेकिन फारबिसगंज से सुभाष चंद्र अग्रवाल ने एनआर कटवाया। नामांकन कार्य फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित फारबिसगंज और नरपतगंज के निर्वाची पदाधिकारी के निर्वाचन कक्ष में होगा।

निर्वाचन कक्ष के भीतर प्रवेश को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। फारबिसगंज के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ रंजीत कुमार रंजन और नरपतगंज के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमित कुमार ने बताया कि



नामांकन के दौरान एक अभ्यर्थी के साथ अधिकतम चार प्रस्तावक या समर्थक ही निर्वाचन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे परिसर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रवेश द्वार पर नौ ड्रॉप गेट बनाए गए हैं, जहां सघन जांच की व्यवस्था की गई है। वाहनों की पार्किंग के लिए निर्वाचन कक्ष के उत्तरी हिस्से में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। व्यवहार न्यायालय के वकीलों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीछे के दरवाजे को भी विशेष रूप से खोला गया है।

नामांकन प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी, जो 20 अक्टूबर तक निर्धारित है। फारबिसगंज विधानसभा के लिए एसडीओ रंजीत कुमार रंजन निर्वाची पदाधिकारी और बीडीओ संजय कुमार सहायक निर्वाची पदाधिकारी होंगे। वहीं नरपतगंज के लिए डीसीएलआर अमित कुमार और बीडीओ अजीत कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग हेल्प डेस्क बनाए गए हैं, जहां कर्मी अभ्यर्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा एक पर्यवेक्षक कक्ष और वेटिंग रूम भी बनाया गया है ताकि अभ्यर्थी एवं समर्थक आवश्यकता अनुसार प्रतीक्षा कर सकें।

# किशनगंज में विधानसभा चुनाव 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय सीमा सुरक्षा बैठक सम्पन्न

**न्यूज स्केल किशनगंज**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत किशनगंज जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, विशेष शाखा, बीएसएफ, एसएसबी, उत्पाद विभाग और खुफिया इकाइयों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधियों को रोकना था। इस दौरान मतदान तिथि से पहले सीमाओं को पूरी तरह सील करने, अवैध गतिविधियों की निगरानी करने और संदिग्ध लेन-देन पर कड़ी नजर रखने जैसे उपायों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से जिले के 13 चिन्हित बिंदुओं पर चेकिंग पोस्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ साझा रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों के पुलिस एवं खुफिया अधिकारी नियमित बैठक और गोपनीय सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से सीमा सुरक्षा को प्रभावी बनाने हेतु समन्वित कार्रवाई करेंगे। यह सुनिश्चित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो। इस बैठक के निर्णयों के अनुसार सभी संबंधित एजेंसियां संयुक्त अभियान चलाकर सीमाओं पर सतर्कता बनाए रखेंगी और निर्वाचन की सफलता के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँगे।

# पूर्व आईपीएस अधिकारी अररिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे चुनाव,कटवाया एनआर

**अररिया** (हि.स.)। बिहार के चर्चित सुपर कॉप आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे अररिया विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।जिसको लेकर पूर्व आईपीएस अधिकारी लांडे ने सोमवार को अररिया अनुमंडल कार्यालय से नामांकन के लिए अपना एनआर कटवाया।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वे नामांकन करेंगे और अररिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपनी भाग्य को आजमाएंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां की जनता से अपील करने आए है की जात-पात धर्म से ऊपर उठकर वैसे प्रत्याशियों को मतदान करें जो उनके विधानसभा क्षेत्र का विकास कर सके। पूर्व



आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने कहा कि जाति धर्म से ऊपर उठकर सोच में बदलाव लाकर मतदान करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पार्टी हिंद सेना का रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन निर्वाचन विभाग को दिया था।लेकिन सात माह के दौरान रजिस्ट्रेशन पार्टी का नहीं हो पाया,ऐसे में उन्होंने पार्टी को आगे मजबूती से लाने के लिए खुद ही चुनाव मैदान में उतरने का मूड बनाया और अररिया और मुंगेर के जमालपुर से चुनाव लड़ने को सोची। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक जो रहे हैं।अगर वे चुनाव लड़ते हैं तो व्यक्तिगत तौर पर उनके लिए वह चुनाव में कैंपेन करने का काम करेगा। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अररिया जिला का सेवा किया है और अब प्रतिनिधि के रूप में जनता के सेवा के लिए चुनावी मैदान में आए हैं।

# नेपाल ले जा रहे आठ बोरी खाद जब्त, दो बाइक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 52वीं बटालियन की बाह्य सीमा चौकी आमबाड़ी कैंप के जवानों ने दो बाइक पर आठ बोरी रासायनिक खाद लेकर नेपाल जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

बीती रात भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने यह कार्रवाई उस समय की,जब तस्कर दो बाइक से लादकर आठ बोरी यूरिया को लेकर भारत से नेपाल सीमा में प्रवेश करने के फिराक में थे। मामले को लेकर सिकटी कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार के आवेदन पर सिकटी थाना में मामला दर्ज किया गया है। जब्त यूरिया को मां भवानी खाद बीज भंडार के संचालक को जमा दी गई है।




जानकारी के मुताबिक आमबाडी कैंप के सहायक उप निरीक्षक अमन सिंह अपने अन्य जवानों के के साथ भारत-नेपाल सीमा पर गश्ती पर थे। इस दौरान दो बाइक चालक भारतीय क्षेत्र से बाइक पर चार बोरी यूरिया बांध कर नेपाल की बार ओर जाते दिखाई दिए। जैसे हीं जवानों पर बाइक चालक की नजर पड़ी चालक बाइक को छोड़कर भागने लगे। लेकिन जवानों ने पकड़ लिया। जांच की तो दोनों वाहन से आठ बोरी यूरिया खाद बरामद की गई।

पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति ने अपना नाम सिकटी थाना क्षेत्र के कुचहा वार्ड नंबर पांच निवासी मो जुबैर तथा दूसरा किशनगंज जिला के टेढागाछ थाना क्षेत्र के थीरगंज निवासी इलताफ बताया।

उसके बाद एसएसबी के जवानों ने इसकी सूचना प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार, डाटा ऑपरेटर अमित कुमार, किसान सलाहकार उमेश कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर यूरिया खाद की जब्ती सूची बनाकर यूरिया खाद को खाद दुकानदार सुबोध मंडल को जिम्मेनामा पर दे दिया।

# 90 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 56 वीं बटालियन की बाह्य सीमा चौकी ए समवाय फुलकाहा के एसएसबी के जवानों ने बीती रात्रि कोशिकापुर के नजदीक 90 बोतल नेपाली शराब को साथ बाइक पर सवार तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएसबी जवानों के शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया। एसएसबी जवानों की ओर से यह कार्रवाई कोशिकापुर में भारतीय परिक्षेत्र में भारत नेपाल सीमा से एक किलोमीटर की दूरी पर की।

तस्कर शराब को अपने बाइक पर लादकर नेपाल से भारत की ओर ला रहा था। इसी क्रम में एसएसबी की विशेष नाका टीम ने कार्रवाई करते हुए शराब को जब्त किया। एसएसबी की ओर से जब्त किए गए शराब,मोटरसाइकिल सहित तस्कर को आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

# कटिहार पुलिस ने हथियार सहित दो अपराधी को किया गिरफ्तार



**कटिहार,** (हि.स.)। जिला के कोलासी थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से हथियार सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान इंजामुल हक और रकीब के रूप में हुई है, जो बैजनाथपुर सिमरिया और तीनघरिया नक्कीपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधी अवैध हथियार लेकर संदिग्ध रूप से घूम रहे थे, जब उन्हें ग्रामीणों और पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक बड़ा देशी कट्टा बरामद किया गया।गिरफ्तार अपराधी हैं इंजामुल हक पिता असगर अली सा बैजनाथपुर सिमरिया और रकीब पिता मो मुजफर अली सा तीनघरिया नक्कीपुर थाना कोढ़ा जिला कटिहार हैं।बरामद सामान में एक बड़ा देशी कट्टा (18 इंच) शामिल है।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ नेपाल जेल से फरार दो अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार,** (हि.स.) नेपाल के झुमका जेल से फरार तीन अपराधियों में से दो को बथनाहा थाना पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि तीसरा अपराधी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। यह जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने सोमवार को दी।

**गुप्त सूचना पर छापामारी**
एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि बीती मध्यरात्रि बथनाहा थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि तीन लोग चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए श्यामनगर कजरा



मोड़ के पास पहुंच रहे हैं। सूचना पर तुरंत एसपी अंजनी कुमार और एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा को जानकारी दी गई। इसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल गठित किया गया, जिसमें बथनाहा थाना पुलिस और चुनाव ड्यूटी में तैनात सीएपीएफ के जवान शामिल थे।

**पकड़े गए अपराधी और बरामद मोटरसाइकिल :** पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो एक अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया। जबकि दो अन्य अपराधियों को पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि पकड़े गए पिंटू यादव के पास से लाल रंग की अपाची और उमेश मेहता के पास से काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई। फरार अनिल यादव के पास से नेपाली नंबर की होंडा मोटरसाइकिल मिली।

**अपराधियों की पहचान और पृष्ठभूमि :** गिरफ्तार अपराधी नेपाल केसुनसरी जिले के देवानगंज थाना क्षेत्र से हैं। पिंटू कुमार यादव (29) और उमेश कुमार मेहता (28) को पकड़ लिया गया, जबकि अनिल यादव (फरार) देवानगंज के सिनवारी वार्ड से है। ये सभी हाल ही में जेन जी आंदोलन के दौरान झुमका जेल से फरार हुए थे और नरपतगंज प्रखंड के अचरा गांव में अपनी बहन के घर रह रहे थे।

**चोरी की स्वीकारोक्ति और भारत-नेपाल कनेक्शन :** पूछताछ में अपराधियों ने भारत और नेपाल में मोटरसाइकिल चोरी की बात स्वीकार की। उनका कहना था कि भारत से चोरी की बाइक नेपाल और नेपाल से चोरी की बाइक भारत में नंबर प्लेट बदलकर बेची जाती हैं। बरामद मोटरसाइकिल में अपाची 10 अक्टूबर को बथनाहा के वीरपुर चौक से, पल्सर 12 अक्टूबर को सुपौल के बीरपुर से और होंडा नेपाल से चोरी की गई थी।

**छापामारी दल में मौजूद लोग**
छापामारी में बथनाहा थानाध्यक्ष राजवीर कुमार साहू, एसआई श्यामली कुमारी, एएसआई राजीव कुमार, बथनाहा सशस्त्र बल और सीएपीएफ के जवान शामिल थे।

# सुपौल में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कुल 217 सेक्टर बनाए गए हैं। इनमें 41-निर्मली में 55, 42-पिपरा में 37, 43-सुपौल में 49, 44-त्रिवेणीगंज में 38 और छातापुर में 38 सेक्टर शामिल हैं। इस संबंध में आज टाउन हॉल, सुपौल में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल की अध्यक्षता में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

**मतदान पूर्व तैयारी :** जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र में सेक्टर पदाधिकारी एवं





सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतदान से पूर्व किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रों का स्थल निरीक्षण करें और वहाँ Assured Minimum Facility की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही सेक्टर मैप तैयार करना, Communication Plan एवं Route Chart बनाना तथा मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग के लिए Web camera अधिष्ठापित करना अनिवार्य है। सत्र के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि मतदान से एक दिन पूर्व ही सभी पोलिंग पार्टी अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुँच जाएं ताकि मतदान सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य जिले में निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करना है।

**मतदान के दिन की जिम्मेदारियाँ**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मतदान के दिन भ्रमणशील रहते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर Mock Poll ससमय सुनिश्चित करने, मतदान को समय पर प्रारंभ करवाने और EVM में किसी भी प्रकार की खराबी आने पर उसे नियमानुसार Replace करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, VTR App के माध्यम से Presiding Officer द्वारा VTR अपडेट करवाना भी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

**मतदान पश्चात कार्य**

वोटिंग समाप्ति के उपरांत सेक्टर पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है कि सभी Presiding Officer फॉर्म-17C भरकर पोलिंग एजेंट्स को हस्तगत कर दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुपौल में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियाँ

**न्यूज स्केल सुपौल**



आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी मीडिया को दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 217 सेक्टर बनाए गए हैं। इनमें निर्मली में 55, पिपरा में 37, सुपौल में 49, त्रिवेणीगंज में 38 और छातापुर में 38 सेक्टर शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त मतदान केंद्र, सुरक्षा बल और निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनें स्थापित हैं और सेक्टर कमांडरों को मतदान स्थल की सुरक्षा एवं मतदाता सहायता की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल मिलकर जिले में चुनावी शांति बनाए रखने के लिए सतर्क रहेंगे। किसी भी अवैध गतिविधि या मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास पर तत्काल कार्रवाई होगी। जिला पदाधिकारी ने जनता से अपील की कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। इस प्रकार सुपौल जिले में चुनाव की तैयारियाँ व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से चल रही हैं।

# नवाचार के तहत बी बी गर्ल्स हाई स्कूल सुपौल में हुआ विकसित भारत बिल्डथन कार्यक्रम :-डा रणधीर राणा

**न्यूज स्केल सुपौल**

जिला मुख्यालय स्थित बबुजन बालिका उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय में स्कूली छात्राओं के बीच नवाचार से सम्बंधित विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम आयोजित का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक डॉ. रणधीर कुमार राणा ने बताया कि विकसित भारत कार्यक्रम की चार मुख्य थीम हैं:

- आत्मनिर्भर भारतः



आत्मनिर्भर तकनीकी समाधान विकसित करना, जिससे भारत स्वनिर्भर बन सके।

- स्वदेशीः इसका उद्देश्य पारंपरिक भारतीय ज्ञान और तकनीक को आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करना है।

- वोकल फॉर लोकल : इसके तहत स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और संसाधनों को बढ़ावा देना है।

- समृद्धिः इसके तहत सामाजिक-आर्थिक समावेशन और सतत विकास के लिए परियोजनाएं तैयार करना है।

डा रणधीर राणा ने कहा की इन थीम्स के माध्यम से, विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 छात्रों को नवाचार और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर सकता है। डा राणा ने बताया की विकसित भारत बिल्डथन थीम का उद्देश्य है छात्रों में नवाचार और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना, जिससे वे भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान कर सकें।

**स्कूलों में इस थीम पर फोकस करने के कुछ कारण हैं:**

- नवाचार को बढ़ावा देनाः छात्रों को नए विचारों और समाधानों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना है।

- समस्या-समाधान कौशल विकसित करनाः छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान करने के लिए कौशल विकसित करने में मदद करना है।

- आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देनाः छात्रों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

- राष्ट्रीय विकास में योगदान*: छात्रों को भारत के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित करना है।

विकसित भारत बिल्डथन थीम के माध्यम से, स्कूल छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए पुरजोर समर्थन किया और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्मार्ट क्लास के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर कुछ अन्य शिक्षक तथा छात्राओं ने भी भाग लिया।

## आदर्श आचार संहिता : हटाया गया पोस्टर बैनर, किया गया नष्ट

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया। दिनांक 12 अक्टूबर को सुपौल, निर्मली, वीरपुर एवं त्रिवेणीगंज अनुमंडल के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में प्रशासन ने सार्वजनिक संपत्ति और निजी भवनों पर लगे अवैध चुनाव प्रचार सामग्री को हटाया और नष्ट किया। जिला प्रशासन की टीमों ने रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, सड़कों, बिजली पोल, सरकारी कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर, दिवाल लेखन और अन्य प्रचार सामग्री का निरीक्षण किया। इसके तहत 55 दिवाल लेखन, 577 पोस्टर, 275 बैनर और 33 अन्य प्रचार सामग्री को हटाया और नष्ट किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान कानून और आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना था। अधिकारियों ने संबंधित दलों को चेतावनी भी दी कि वे केवल अनुमत स्थानों पर ही प्रचार सामग्री लगाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन इस तरह की नियमित निगरानी जारी रखेगा और किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कदम से चुनावी मैदान में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

# धनतेरस अर्थात धन्वंतरि जयंती –आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र

**न्यूज स्केल सुपौल**

धनतेरस कार्तिकमास कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है। 18 अक्टूबर को संध्या काल सभी लोग विभिन्न प्रकार के वस्तुओ की खरीददारी करते है इस दिन चांदी के बर्तन, लक्ष्मी गणेश जी की प्रतिमा खरीदने का भी विधान है। सायं काल में यमराज के निमित्त दीप दान करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। धनतेरस के दिन भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी



देते हुए त्रिलोक धाम गोसपुर निवासी पंडित आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि इस दिन कुबेर का पूजन करने से भगवान कुबेर अति प्रसन्न होकर समस्त भक्तों पर सदा धन की कृपा बना बनाते हैं। सायंकाल में यमराज के निमित्त दीपदान करने से अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। धनतेरस के दिन धन किसी को भी उधार नहीं देना चाहिए ।सायं काल में घर के मुख्य द्वार पर दीपदान करने से यमराज अति प्रसन्न होते हैं ।धन्वंतरी भगवान की कथा धर्मशास्त्र में वर्णित है ।सागर मंथन के समय में कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन भगवान विष्णु ने धन्वंतरी के रूप में अवतरित होकर देवताओं को अमृत कलश प्रदान किया एवं जगत के कल्याण के लिए आयुर्वेद का ज्ञान भगवान शिव से प्राप्त कर संसार को प्रदान किया। इसी याद में धनतेरस पर्व पर भगवान धन्वंतरि देव की पूजा की जाती है। भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से स्वास्थ्य अनुकूल होता है।

## प्रतापगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत में छापेमारी कर 75 लीटर देशी शराब बरामद करने में सफलता पाई है शराब

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

श्रीपुर थाना क्षेत्र में रविवार की शाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप बरामद की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एसएसबी जवानों के साथ वाहन चेकिंग और छापेमारी के लिए निकले थे। उन्हें सूचना मिली कि वार्ड 7 निवासी शिवकुमार सरदार अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने शिवकुमार के घर पर घेराबंदी की और तलाशी ली।

**बरामद शराब की मात्रा और**



**तरीके :** पुलिस ने घर की तलाशी के दौरान भूसा में छिपाकर रखी गई 15 लीटर की पांच गैलनों में कुल 75 लीटर देशी शराब बरामद की। शराब तस्कर शिवकुमार सरदार पुलिस आने की भनक लगते ही फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बरामद शराब की सूची बनाकर उसे थाना ले जाकर सुरक्षित किया।

**गिरफ्तारी और अन्य कार्रवाई**

इसी छापेमारी के दौरान श्रीपुर वार्ड 7 निवासी विशुन देव सरदार को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शिवकुमार सरदार के खिलाफ अवैध शराब रखने का मामला दर्ज किया है।

**चुनावी सुरक्षा अभियान**

आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस एसएसबी जवानों के सहयोग से थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी और वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान चला रही है। यह अभियान स्थानीय कानून व्यवस्था और चुनावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में 4 सौ मीटर दौड़ में ख्याति कुमारी ने मारी बाजी

**न्यूज स्केल सुपौल**

जिला स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 2025-26 में सोमवार 13 अक्टूबर को अंडर- 14 बालिका वर्ग में 400 मी० दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें ख्याति कुमारी, राजकीय +2 उच्च विद्यालय, वीरपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया, नेहा कुमारी, +2 उच्च विद्यालय माध्यमिक विद्यालय, सुखपुर सुपौल दूसरा स्थान तथा प्रिया कुमारी, राजकीय +2 उच्च विद्यालय, वीरपुर तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर- 14 बालिका वर्ग में सुकरान प्रवीण एल०के०एच०एस० वीरपुर प्रथम, जागृति शर्मा,





संतजेवियर्स, सुपौल द्वितीय तथा सलीनी कुमारी +2 उच्च विद्यालय माध्यमिक विद्यालय, सुखपुर सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर- 17 बालिका वर्ग में प्रियंका कुमारी, एस०डी०एस० हरदी प्रथम, नन्दनी कुमारी +2 उच्च विद्यालय, वीरपुर द्वितीय तथा काजल कुमारी, बी०जी० भपटियाही, सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो अंडर- 14 बालिका वर्ग में सुकरान प्रवीण एल०के०एच०एस० वीरपुर प्रथम ख्याति कुमारी, राजकीय +2 उच्च विद्यालय, वीरपुर द्वितीय तथा सालनी कुमारी, +2 उच्च विद्यालय माध्यमिक विद्यालय, सुखपुर, बी०जी० भपटियाही, सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रियंका कुमारी, एस०डी०एस० हरदी प्रथम काजल कुमारी, बी०जी० भपटियाही, तृतीय स्थान द्वितीय तथा रिशीका रंजन, संत जेवियर्स सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जम्प अंडर- 14 बालिका वर्ग में शालु कुमारी, संत जेवियर्स, सुपौल प्रथम, माही शर्मा, राजकीय +2 वीरपुर, सुपौल द्वितीय तथा प्रिया प्रियदर्शी, संत जेवियर्स, सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोंग जम्प अंडर- 17 बालिका वर्ग में अंकिता कुमारी, राजकीय +2 वीरपुर, सुपौल प्रथम रंजन कुमारी +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुखपुर, सुपौल द्वितीय तथा दिपिका कुमारी, संत जेवियर्स, सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर- 17 बालिका वर्ग में 400 मी० दौड़ में अंकिता कुमारी, राजकीय +2 वीरपुर सुपौल प्रथम अंजली कुमारी, एस०डी०डस०के०, हरदी, सुपौल द्वितीय तथा लावण्य, संत जेवियर्स, सुपौल तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एक लोडेड पिस्टल और चार गोली के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**न्यूज स्केल सुपौल**





जिले के डगमारा थाना क्षेत्र से वाहन चेकिंग के क्रम में एक लोडेड पिस्टल एवं 4 जिंदा कारतूस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बिहार विधान सभा चुनाव-2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सरथ आरएस के निदेश पर चलाये जा रहे वाहन चेकिंग के क्रम में सूचना के आधार पर डगमारा थाना क्षेत्र से राम पुकार साह सा०-ललितपुर ब्रहमपुर वार्ड 7, थाना-पाते जिला-सप्तरी (नेपाल) के पास से एक लोडेड देशी पिस्टल एवं 04 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद हथियार के संदर्भ में वैद्य कागजात की माँग करने पर रामपुकार साह के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। इस संदर्भ में डगमारा थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में लिये गये अभियुक्त को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025: पूर्वी चंपारण में ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

**न्यूज स्केल मोतीहारी**





।पूर्वी चंपारण जिले में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में उपयोग होने वाली ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन 13 अक्टूबर 2025 को एनआईसी, समाहरणालय, मोतिहारी में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशन में यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के EVM Management System (EMS) पोर्टल के माध्यम से आयोजित की गई। इसका उद्देश्य प्रथम स्तरीय जाँच (FLC) में सही पाए गए ईवीएम एवं वीवीपैट को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित करना है।

**राजनीतिक दलों की उपस्थिति**
इस रैंडमाइजेशन में जिले के सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसमें भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट), जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) शामिल थे।

**सूची तैयार और हस्ताक्षरित**
प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम एवं वीवीपैट की सूची तैयार की गई। इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित कर दिया गया। यह सूची सभी राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई। इसके बाद मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से भंडारित किया जाएगा।

**आगामी निर्वाचन की तैयारी**
पूर्वी चंपारण जिले के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 4095 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम और वीवीपैट आगामी चुनाव में उपयोग के लिए तैयार हैं। नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी और जिला जन संपर्क अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता और निष्पक्षता के उच्च मानकों के अनुसार संपन्न हुई, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में महत्वपूर्ण कदम रखा गया।

**01:** रैंडमाइजेशन जिला निर्वाचन पदाधिकारी और EVM Management System (EMS) पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया गया।

**02 :** सभी राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इस प्रक्रिया में उपस्थित रहे।

**03 :** विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम एवं वीवीपैट की सूची तैयार कर हस्ताक्षरित कर दी गई और स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई।

**04 :** पूर्वी चंपारण के 12 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 4095 मतदान केंद्रों के लिए मशीनें रैंडमाइजेशन के बाद चुनाव में उपयोग के लिए तैयार हैं।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में पार्टी का झंडा लगा बोलोरो जब्त

## चालक व मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**नवादा,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन ने क्षेत्र में कड़ाई से आचार संहिता का पालन करवाने में जुटी हुई है।चुनाव के मद्देनजर नवादा जिले के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर सोमवार को उत्पाद बलों के समीप तीन शिफ्टों में मजिस्ट्रेट और बिहार पुलिस बलों को नियुक्त कर आदर्श आचार संहिता का पालन करवाया जा रहा है।इसी क्रम में मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त सुनील कुमार गावस्कर एवं पीटीसी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से नवादा की ओर से कोडरमा जाने वाली एक बोलोरो संख्या बीआर02टी4444 को जांच हेतु रोका गया। बोलोरो के बोनट में बीजेपी का हरा एवं केसरिया रंग का झंडा बंधा हुआ था।मजिस्ट्रेट सुनील कुमार गावस्कर ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है।इस क्रम में बिना आदेश के अपने वाहनों पर झंडा व बैनर आदि लगाना अवैध है। बोलोरो में लगा राजनीतिक पार्टी का झंडा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है।इसलिए बोलोरो चालक रोह थाना क्षेत्र के दिरमोबारा गांव निवासी गोविंद साव के पुत्र दिलीप साव एवं बोलोरो मालिक गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के नंदू बिगहा गांव निवासी पवन कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।साथ ही बोलोरो को जब्त कर लिया गया है।
इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में राजनीतिक पार्टी के झंडे लगे बोलोरो को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है।वहीं प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जिला स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता में सुप्रिया, सृष्टि और प्रियांशु ने किया कमाल



**उद्घाटन और पुरस्कार वितरण :** प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के अंत में खेल कार्यालय में विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

**सहभागियों और आयोजकों की उपस्थिति ;** इस अवसर पर जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, पंकज वर्मा, मनोज कुमार प्रसाद, भानु प्रकाश, अरुण कुमार गुप्ता, मोहम्मद मोबसिर और रमेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का समापन रविवार को साइक्लिंग, एथलेटिक्स और कबड्डी की प्रतियोगिता के साथ हुआ। खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम ने जिले के युवा प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का मंच प्रदान किया।

**साइक्लिंग में शानदार प्रदर्शन**
स्थनीय गांधी मैदान रोड पर आयोजित साइक्लिंग प्रतियोगिता में अंडर 14 बालिका वर्ग में मोतिहारी की सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। रितिका कुमारी (ढेकहां मोतिहारी) द्वितीय और अबीना खातून (रामगढ़वा) व रागिनी कुमारी (ढेकहां मोतिहारी) तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर 14 बालक वर्ग में गोलू कुमार (ढेकहां मोतिहारी) ने पहला स्थान जीता।

**अंडर 17 और 19 में बेहतरीन प्रदर्शन :** अंडर 17 बालिका वर्ग में सृष्टि कुमारी (मोतिहारी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में शौर्य कुमार (पिपराकोठी) विजेता रहे। अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रियांशु कुमारी (मोतिहारी) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में दीपक कुमार (बनकटवा) पहले स्थान पर रहे।

# पावापुरी महोत्सव की तैयारी का डी एम-एसपी ने की समीक्षा



**नालंदा,** (हि.स.)।आगामी पावापुरी महोत्सव केसफल आयोजन को लेकर सोमवार को जिलाधिकारीकुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारतसोनी की संयुक्तअध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति केअध्यक्ष-सचिव के साथ समीक्षा बैठकआयोजित की गई। पावापुरी महोत्सव का आयोजन 20 और 21 अक्टूबर 2025 को निर्धारित है।बैठक में विधि -व्यवस्था , सुरक्षा , यातायातप्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकतैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।अधिकारियों को महोत्सव के दौरान आमजनकी सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चि त करने केनिर्देश दिए गए।
जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि महोत्सव से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध और समन्वित तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कियाजाए। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नालंदा,** (हि.स.)। जिला मुख्यालय स्थित हरदेव भवन सभागार में आज सोमवार को बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के तहत निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मॉक पोल, क्लोजिंग प्रक्रिया, काउंटिंग की तैयारी एवं रिपोर्टिंग फॉर्म भरने की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मियों को बताया गया कि मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर ईवीएम की क्लीनिंग, सेटअप, मॉक पोल, क्लोज वोट, सीयु एवं वीवीपैट के समुचित सीलिंग कार्य को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण करना अनिवार्य है। साथ ही फॉर्म 17C के सही रख-रखाव और मतगणना की तैयारी संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।
प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को गहराई से समझा और मॉक पोल के माध्यम से अभ्यास किया। यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में सहायक सिद्ध होगा।

# ज़िला स्वीप आइकॉन ने दिव्यांगों के बीच दिलाया मतदान का संकल्प

**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)।आसन्न विधान सभा- 2025 चुनाव को देखते हुए, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से ज़िला स्वीप आइकॉन {निःशक्त} सुदर्शन कुमार ने दिव्यांगजन को चुनाव के महत्व बताते हुए, उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरुक करने के लिए प्रेरित करने का कार्य ज़िला स्वीप आइकॉन {निःशक्त} सुदर्शन कुमार ने किया, इस क्रम में सोमवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग (नालंदा) के सभागार में दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया तथा दिव्यांग को लोकतांत्रिक प्रणाली में नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया।
इसके साथ-साथ उन्होंने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में मतदाता की भूमिका से भी अवगत कराया, इस दौरान ज़िला स्वीप आइकॉन {निःशक्त} ने कहा कि एक-एक वोट की क़ीमत होती हैं, इसलिए किसी का वोट बेकार न जाने पाए, आप लोग अपने अपने गाँव, टोले-मुहल्ले में पड़ोसियों को भी मतदान के प्रति जागरुक करे ताकि वोटिंग का प्रतिशत बढ़े, पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए, सभी प्रतिभागियों को संकल्प भी दिलाया गया।

# ईवीएम सुरक्षा पुख्ता, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने खुद लिया जायजा

**समस्तीपुर** (हि.स.)।आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने जितवारपुर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा निगरानी प्रणाली, सीलिंग प्रक्रिया एवं मशीनों के सुरक्षित भंडारण की विस्तार से समीक्षा की।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह की उपस्थिति में वेयरहाउस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार ईवीएम का विच्छेदकरण किया गया। इसके उपरांत मशीनों को संबंधित आरओ को सुपुर्द किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, तथा सभी सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया पारदर्शी और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप की जाए।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार सहित सभी आरओ सहित संबंधित पदाधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अलीनगर में सीआईएसएफ जवानों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**दरभंगा,** (हि.स.)।अलीनगर, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से तैनात सीआईएसएफ जवानों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सोमवार को अलीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उर्दू विद्यालय परिसर में लगाया गया, जहां 5 अक्टूबर से सीआईएसएफ के जवान कैंप कर रहे हैं।
शिविर में कुल 92 जवानों एवं अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन जवानों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई गई, उन्हें आवश्यक दवाइयां और चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में सीबीसी, एचआईवी, ब्लड शुगर (रैंडम), हेपेटाइटिस-बी, एचसीवी तथा ब्लड ग्रुप की जांच की गई।
जांच कराने वालों में सीआईएसएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार भी शामिल थे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिमलेश प्रकाश, डॉ. अंजनी कुमार, फार्मासिस्ट परवेज अहमद, जीएनएम उदय सिंह, टिंकू कुमारी, एएनएम मनोरमा कुमारी, लैब टेक्नीशियन सरोज कुमार, सरोज सुमन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन कौशल किशोर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# पैसे के लेन-देन में महिला की गोली मारकर हत्या




**नालंदा,** (हि.स.)।नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर देने की सनसनी खेज घटना सामने आई है। मृतका की पहचान सरिता देवी (55 वर्ष), पतिरामप्रवेश यादव, निवासी गंगा बीघा गांव,वेना थाना क्षेत्र के रूप में की गई है।पुलिस ने बताया कि महिला का शव कोयल विगहा –पहाड़पुर मार्ग किनारे पुल के पास पानी में फेंका हुआ पाया गया है।घटना की सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदरअस्पताल भेज दिया । हिलसा एएसपी शैलजा ने बताया कि महिला के सिर में गोली लगीहै। एफएसएल टीम को घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है।
मृतका के पुत्र बिपिन कुमार ने बताया कि रविवार की शाम जीविका समूह की सी एम रेखा देवी उनकी मां को किसी काम के बहाने घर से बुला कर ले गई थी । देर रात तक वे घर नहीं लौटीं और अगली सुबह शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया कि सरिता देवी ने रेखा देवी को 5 लाख रुपये उधार दिए थे,इसी पैसे के विवाद में रेखा देवी ने साजिश के तहत उनकी गोली मारकर हत्या कर दी औरशव को सड़क किनारे फेंक दिया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पैसे के लेनदेन के विवाद में हत्या की बात सामने आई है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट में आज कमजोरी के संकेत देखे जा रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में अमेरिका–चीन ट्रेड वॉर के डर के चलते कमजोर रहे। एस एंड पी 500 2.71% गिरकर 6,552.51 अंक पर बंद हुआ, जबकि नैस्डेक 3.56% की भारी गिरावट के साथ 22,204.43 अंक पर बंद हुआ। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर नरम रुख अपनाने की खबर से डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 0.80% की तेजी के साथ 45,841.40 अंक पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी लगातार दबाव रहा। एफटीएसई 0.87% कमजोर होकर 9,427.47 अंक, सीएसी 1.56% गिरकर 7,918 अंक और डीएएक्स 1.53% टूटकर 24,241.46 अंक पर बंद हुए।एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का रुख जारी है। गिफ्ट निफ्टी 0.64% गिरकर 25,238.50 अंक पर, निक्केई 1.02% कमजोर होकर 48,088.80 अंक पर और हैंग सेंग 3.52% फिसलकर 25,366 अंक पर कारोबार कर रहा है। कोस्पी 1.70%, ताइवान वेटेड 1.56%, शंघाई कंपोजिट 1.30% और स्ट्रेट्स टाइम्स 1.09% की गिरावट के साथ लाल निशान में हैं। जकार्ता कंपोजिट इकलौता इंडेक्स है जो 0.01% बढ़त के साथ 8,258.28 अंक पर कारोबार कर रहा है।



# भारतीय दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए फिर इस हफ्ते जाएगा अमेरिका

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाएगा। दोनों पक्ष इस समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच आगामी बातचीत एक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर केंद्रित है।

एक रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि दोनों पक्ष समझौते के पहले भाग के लिए शरद ऋतु की समय-सीमा पर विचार कर सकते हैं। हाल के महीनों में भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताएं प्रगति और गतिरोध के बीच झूलती रही हैं। टैरिफ तनाव के कारण उत्पन्न अंतराल के बाद सितंबर में दोनों पक्षों ने आमने-सामने बातचीत फिर से शुरू की।

उल्लेखनीय है कि सभी की निगाहें उस समय-सीमा पर हैं, जो दोनों पक्षों ने मोटे तौर पर नवंबर के लिए डेडलाइन तय की है। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता करने का निर्देश दिया था।

# वैश्विक दबाव में लुढ़का घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

## बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों को 41 हजार करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच गिरावट के साथ खुला और दिन के अंत में थोड़ी रिकवरी के बावजूद सेंसेक्स 173.77 अंक गिरकर 82,327.05 पर और निफ्टी 58 अंक की कमजोरी के साथ 25,227.35 पर बंद हुआ। बाजार खुलते ही खरीददार और बिकवाल दोनों सक्रिय रहे, जिससे सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।



**सेक्टोरल रुख और निवेशकों की संपत्ति** : आज बैंकिंग और कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जबकि एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर, आईटी, ऑयल एंड गैस, मेटल, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स में दबाव बना रहा। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 0.18 प्रतिशत और 0.43 प्रतिशत कमजोर हुए। इसके बावजूद निवेशकों की कुल संपत्ति में 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई और बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.49 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

**कारोबार की शुरुआत और उतार-चढ़ाव** : सेंसेक्स आज 82,049.16 अंक पर खुला और दिन भर उतार-चढ़ाव के बाद 82,327.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 25,177.30 अंक से शुरू होकर 25,227.35 अंक पर समाप्त हुआ। कारोबार में शुरुआती गिरावट के बावजूद खरीदारी का समर्थन सूचकांकों को कुछ हद तक ऊपर लाने में सफल रहा।

**शेयरों का प्रदर्शन** : बीएसई में 4,459 और एनएसई में 2,821 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 12 शेयर हरे निशान में और 18 लाल निशान में रहे, जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 19 शेयर बढ़त के साथ और 31 गिरावट के साथ बंद हुए। टॉप गेनर्स में अदानी पोर्ट्स, बजाज ऑटो, बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन शामिल रहे। टॉप लूजर्स में टाटा मोटर्स, विप्रो, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मैक्स हेल्थकेयर रहे।

# सितंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर आई

**स्टॉकहोम,** (हि.स)। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर आ गई है, जो पिछले महीने अगस्त में 2.07 फीसदी थी।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण है। सितंबर, 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक सब्जियों और दालों के सस्ते होने से खुदरा महंगाई दर में दर्ज हुई है।

सितंबर महीने के दौरान सालाना आधार पर खाद्य महंगाई -2.28 फीसदी रही है, जबकि अगस्त में यह -0.64 फीसदी और पिछले वर्ष सितंबर में यह 9.24 फीसदी रही थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने अक्टूबर की द्विमासिक मौद्रिक नीति में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने खुदरा महंगाई दर यानी मुद्रास्फीति अनुमान को अगस्त में अनुमानित 3.1 फीसदी से घटाकर 2.6 फीसदी कर दिया था।

# तुलसी के पत्ते और रस: घर में बीमारियों का असरदार घरेलू इलाज

तुलसी के पत्ते और उनका रस दोनों ही स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं। तुलसी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो सर्दी-जुकाम, खांसी, गले की खराश और पेट संबंधी समस्याओं में राहत दिलाते हैं। रोजाना सुबह तुलसी के कुछ पत्ते चबाने से शरीर में जमा गंदगी बाहर निकलती है और पाचन बेहतर होता है।



कान में दर्द होने पर तुलसी के पत्तों का रस डालने से आराम मिलता है। इसके अलावा, तुलसी के रस में अदरक और शहद मिलाकर लेने से सर्दी-जुकाम और खांसी में तेजी से राहत मिलती है। गुनगुने पानी में तुलसी का रस मिलाकर पीने से पेट और अपच की समस्याएं कम होती हैं।

त्वचा की देखभाल के लिए भी तुलसी लाभकारी है। इसके रस को त्वचा पर लगाने से पिंपल कम होते हैं और त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है। किडनी और लिवर की सेहत के लिए भी तुलसी के पत्ते फायदेमंद हैं। इस तरह, तुलसी के पत्ते और उनका रस दोनों ही रोजाना स्वास्थ्य के लिए अपनाए जा सकते हैं।

# सुबह खाली पेट नहीं खानी चाहिए ये 3 चीज़ें

सुबह का नाश्ता दिन की ऊर्जा और स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, सुबह खाली पेट कुछ चीज़ें खाना नुकसानदेह हो सकता है। ये आपकी पाचन क्रिया और शरीर की एनर्जी पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। खासतौर पर ये तीन चीज़ें खाली पेट खाने से बचना चाहिए:

**1. ब्लैक कॉफी** : खाली पेट ब्लैक कॉफी पीने से पेट में एसिड बढ़ सकता है। इससे जलन, ब्लोटिंग और बेचैनी की समस्या हो सकती है। कॉफी में मौजूद कैफीन कोर्टिसोल यानी तनाव हार्मोन को बढ़ाता है, जिससे शरीर की प्राकृतिक एनर्जी कम हो सकती है। कई लोग जिम जाने से पहले या एनर्जी के लिए ब्लैक कॉफी पीते हैं, लेकिन सुबह इसे खाली पेट लेना सेहत के लिए ठीक नहीं है।

**2. सिट्रस फल (खट्टे फल)** : संतरा, नींबू और मौसमी जैसे खट्टे फल खाली पेट नुकसान पहुँचा सकते हैं। इन फलों का सेवन गैस, एसिडिटी और पेट की जलन बढ़ा सकता है। जो लोग गैस्ट्रिक या एसिडिटी की समस्या से पीड़ित हैं, उन्हें इन फलों से विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।



**3. तला-भुना और ऑयली खाना** :सुबह भारी, मसालेदार या तला हुआ खाना पाचन तंत्र पर दबाव डालता है। इससे पेट में सूजन, गैस, अपच और थकान हो सकती है। तले हुए भोजन में ट्रांस फैट ज्यादा होता है, जो पेट की सूजन और एसिडिटी बढ़ाता है।

**सुबह क्या खाएं** :
सुबह उठते ही 1 गिलास गुनगुना पानी पीना चाहिए। यह शरीर को डिटॉक्स करने और पाचन में मदद करता है। हल्का और हेल्दी नाश्ता करें, जैसे भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स, ओट्स, केला, ब्रेड-ऑमलेट, इडली-सांभर, डोसा-सांभर, उबले अंडे या सेब। इससे दिन की शुरुआत ऊर्जा और पोषण के साथ होगी।

# राशिफल : 14 अक्टूबर, 2025


मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9


मिथुन : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9


सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5


तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8


धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6


कुम्भ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6


वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8


कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8


कन्या : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7


वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8


मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7


मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# पंचांग : 14 अक्टूबर, 2025

14 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र मिथुन में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तला 06.15 बजे से
वृश्चिक 08.29 बजे से
धनु 10.45 बजे से
मकर 12.50 बजे से
कुंभ 14.37 बजे से
मीन 16.10 बजे से
मेष 17.40 बजे से
वृष 19.20 बजे से
मिथुन 21.18 बजे से
कर्क 23.32 बजे से
सिंह 01.48 बजे से
कन्या 04.00 बजे से
मंगलवार 2025 वर्ष का 287 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि अष्टमी 11.10 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुनर्वसु 11.55 बजे को समाप्त।
योग सिद्ध 04.11 बजे प्रातः को समाप्त।
करण कौलव 11.10 बजे तदनन्तर तैतिल 22.47 बजे कोसमाप्त।
चन्द्रायु 22.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 080 09’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872497
जूलियन दिन 2460962.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी

तारीख 21




# नए आपराधिक कानून बनाएंगे भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली : अमित शाह

**जयपुर,** (हि.स.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार भारत के तीन नए आपराधिक न्याय कानूनों का क्रियान्वयन है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन कानूनों के लागू होने से लंबित मामलों में तेजी आएगी और न्याय अब वर्षों नहीं, बल्कि समयबद्ध रूप से मिलेगा। शाह ने बताया कि 2027 से नई संहिताओं के तहत किसी भी एफआईआर का सुप्रीम कोर्ट तक न्याय तीन वर्ष के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। शाह सोमवार को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग और लगभग 9,315 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों के यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ रुपये, दुग्ध उत्पादकों के लिए दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया।साथ ही 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण की शुरुआत की और महिला सुरक्षा व फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) से जुड़े वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। शाह ने कहा कि नए कानून लागू होने के पहले वर्ष में ही देशभर में 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में चार्जशीट समय पर दाखिल होने लगी है और आने वाले वर्ष में यह अनुपात 90 प्रतिशत तक पहुँचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि लाखों पुलिसकर्मी, न्यायिक अधिकारी, जेल कर्मचारी और एफएसएल स्टाफ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। अब आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही अदालत में पेश होंगे, जिससे समय और धन की बचत होगी और पुलिस कस्टडी से फरार होने की घटनाओं पर लगभग पूरी तरह रोक लगेगी। नई संहिताओं में आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, संगठित अपराध और डिजिटल अपराध की स्पष्ट परिभाषा दी गई है। 29 स्थानों पर समय-सीमा तय की गई है, जैसे 90 दिन में पीड़ित को अपडेट देना और 60-90 दिन में चार्जशीट दाखिल करना। शाह ने कहा कि नए कानून न्याय की भावना से प्रेरित हैं और अपील की कि प्रदर्शनी अवश्य देखें ताकि नई न्याय प्रणाली को समझा जा सके। उन्होंने किसानों के हित में कहा कि मोदी सरकार तुअर और उड़द जैसी दालें 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदेगी, जिससे देश दलहन में आत्मनिर्भर बनेगा। इसके अलावा, उन्होंने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 395 से अधिक आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में राहत देने का जिक्र किया और लोगों से स्वदेशी चीजें खरीदने का आग्रह किया। नई आपराधिक संहिताओं और सरकार की अन्य योजनाओं के माध्यम से अमित शाह ने न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने का लक्ष्य स्पष्ट किया। यह सुधार देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को दुनिया की सबसे आधुनिक प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# जयराम रमेश ने कुशोक बकुला रिनपोछे को बताया भारत-मंगोलिया संबंधों के सशक्तीकरण की नींव

## रिनपोछे ने भारत और पूर्व सोवियत संघ में बौद्ध परंपराओं के पुनर्जागरण को भी गति दी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की चार दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत और मंगोलिया के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर जोर दिया। रमेश ने विशेष रूप से लद्दाख के प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु और पूर्व राजदूत 19वें कुशोक बकुला रिनपोछे के योगदान को याद किया।



**कुशोक बकुला रिनपोछे का ऐतिहासिक योगदान :** जयराम रमेश ने कहा कि रिनपोछे ने साम्यवाद के पतन के बाद मंगोलिया में बौद्ध धर्म के पुनर्जागरण और भारत-मंगोलिया संबंधों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें मंगोलिया में भारत का राजदूत नियुक्त किया। उन्होंने जनवरी 1990 में पदभार ग्रहण कर दस वर्षों तक वहां भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**बौद्ध परंपरा और सम्मान** रिनपोछे ने न केवल मंगोलिया में बौद्ध धर्म की पुनर्स्थापना की बल्कि भारत और पूर्व सोवियत संघ में भी बौद्ध परंपराओं के पुनर्जागरण को गति दी। 10 जून 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लेह एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डा' रखा और उन्हें आधुनिक लद्दाख का शिल्पकार बताया।

**भारत-मंगोलिया संबंधों का इतिहास :** भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंध दिसंबर 1955 में स्थापित हुए। भारत ने अक्टूबर 1961 में मंगोलिया को संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुशोक रिनपोछे (1917–2003) को तिब्बती बौद्ध परंपरा में 19वें बकुला रिनपोछे के रूप में मान्यता प्राप्त थी और वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी सक्रिय रहे।

# ओडिशा महिला आयोग की टीम दुर्गापुर रवाना, दुष्कर्म पीड़ित छात्रा से मिलेगी

**भुवनेश्वर,** (हि.स.)। ओडिशा राज्य महिला आयोग की तीन सदस्यीय टीम अध्यक्ष शोभना मोहंती के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के लिए रवाना हुई है। यह टीम बालेश्वर जिले की एक ओडिया एमबीबीएस छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच प्रगति और पीड़िता को मिल रहे इलाज की स्थिति का आकलन करेगी। जलेश्वर की रहने वाली पीड़िता दूसरी वर्ष की मेडिकल छात्रा है । पिछले शुक्रवार को पश्चिम बर्दवान जिले के एक निजी कॉलेज के पास यह घटना घटी थी। शोभना मोहंती ने कहा कि टीम का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीड़िता को उचित चिकित्सीय देखभाल और मनोवैज्ञानिक सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम सबसे पहले दुर्गापुर अस्पताल जाएंगे जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है, ताकि उसकी स्थिति की समीक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि पश्चिम बंगाल सरकार उसे प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है, जैसा ओडिशा सरकार ऐसे मामलों में करती। । महिला आयोग की टीम दुर्गापुर पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी बैठक करेगी। मोहंती ने बताया कि हम पुलिस और जिला प्रशासन से मिलकर जांच की प्रगति की समीक्षा करेंगे और यह देखेंगे कि क्या मामले को शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि ओडिशा महिला आयोग पश्चिम बंगाल अधिकारियों के साथ समन्वय कर न्याय की प्रक्रिया को तेज करेगा। हम महानिदेशक से भी बातचीत करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पीड़िता के पूर्ण स्वस्थ्य होने और पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।



# टाटा ऑटो-कॉम्प आईआरईई 2025 में प्रदर्शित करेगा अपने अत्याधुनिक रेल समाधान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

1. **प्रदर्शित तकनीकें यात्री सुविधा, ऊर्जा दक्षता और रखरखाव लागत में सुधार लाएंगी।**

---------------

2. **वैश्विक साझेदारियों के जरिए भारत में स्थानीय निर्माण और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।**

---------------

3. **हल्के और टिकाऊ कंपोनेंट्स से कोच का वजन घटेगा और संचालन लागत कम होगी**

---------------

टाटा ऑटो-कॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड 15 अक्टूबर से दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल रेलवे इक्विपमेंट एग्जीबिशन (IREE) 2025 में अपने नवीनतम और अत्याधुनिक रेलवे समाधान प्रदर्शित करेगी। प्रदर्शनी भारत मंडपम में आयोजित होगी और "शेपिंग द फ्यूचर ऑफ रेलवेज़" थीम के तहत कंपनी अपने प्रोपल्शन सिस्टम, एचवीएसी समाधान, सीटिंग सिस्टम और हल्के रेल कंपोनेंट्स का प्रदर्शन करेगी।

**यात्री सुविधा और ऊर्जा दक्षता** कंपनी के अनुसार ये समाधान यात्री सुविधा बढ़ाने, ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने और रखरखाव की लागत घटाने के लिए तैयार किए गए हैं। वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा कि भारत का रेल नेटवर्क तेजी से आधुनिक हो रहा है और स्कोडा के साथ साझेदारी इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**भविष्य की रेल मोबिलिटी** टाटा ऑटो-कॉम्प का लक्ष्य रेलवे सेक्टर के लिए सतत, ऊर्जा-कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले समाधान विकसित करना है, जो भारत की भविष्य की परिवहन आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

**वैश्विक तकनीक और स्थानीय निर्माण :** टाटा ऑटो-कॉम्प ने स्कोडा, कॉम्पिन फैंसा और एयर इंटरनेशनल थर्मल सिस्टम्स के साथ रणनीतिक साझेदारियां की हैं। इससे भारत में विश्वस्तरीय उत्पादों का स्थानीय निर्माण सुनिश्चित होगा और मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा।

**स्थानीयकरण और सतत समाधान :** एमडी एवं सीईओ मनोज कोल्हटकर ने कहा कि भारतीय रेलवे अब तक आयातित तकनीकों पर निर्भर रहा है। कंपनी हल्के और टिकाऊ कंपोनेंट्स विकसित कर रही है, जिससे कोच का वजन घटेगा और बिजली की खपत व संचालन लागत में कमी आएगी।

# कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में पहली जमानत

## चार महीने बाद जेल से रिहा हुआ सुरक्षा गार्ड



**कोलकाता,** (हि.स.)। कसबा स्थित सरकारी लॉ कॉलेज में 25 जून को हुई छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में अदालत ने सोमवार को पहली बार किसी आरोपित को जमानत दी। चार महीने बाद कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को अलीपुर अदालत ने सशर्त जमानत प्रदान की। मुख्य आरोपित मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी अब भी जेल में हैं। घटना के दिन पीड़िता के अनुसार कॉलेज का मुख्य द्वार बंद कर उसे गार्ड रूम में ले जाकर हॉकी स्टिक से पीटा गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पिनाकी गार्ड उस समय ड्यूटी पर मौजूद थे, लेकिन पीड़िता की मदद नहीं की और न ही पुलिस को सूचना दी। पिनाकी के वकील ने कहा कि उनके खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं, जबकि अभियोजन ने सवाल उठाया कि अगर उन्हें घटना की जानकारी थी तो उन्होंने क्यों रिपोर्ट नहीं की। जांच एजेंसियों ने बताया कि इस मामले के बाद कॉलेज प्रशासन में कई पुराने आरोप भी सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है। यह पिनाकी की पहली जमानत है, जबकि मुख्य आरोपित अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

# प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी मंगलवार को किशोर कुमार सम्मान से होंगे अलंकृत

**खंडवा,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के खंडवा में प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी मंगलवार को किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत होंगे। स्वर्गीय किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर आयोजित दो दिवसीय अलंकरण समारोह सोमवार शाम से पुलिस परेड ग्राउंड में शुरू हो चुका है। पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय नगमे प्रस्तुत किए। इसमें राकेश नागर, नुपुर कौशल, अनिल शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, भीमराव अटकड़े, गौरव खरे, राजा शर्मा, रोशनी पहलवान, जितेंद्र भांवरकर और तोरल बखशी ने अपनी प्रस्तुति दी।



**प्रसून जोशी को राष्ट्रीय सम्मान**
मंगलवार, 14 अक्टूबर को सायं 7 बजे राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान का आयोजन होगा। इसमें सुप्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी को वर्ष 2024 के लिए गीत लेखन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। अलंकरण के बाद मुंबई के हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किशोर कुमार के गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। दोनों ही दिन समारोह में प्रवेश निःशुल्क रहेगा और राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल होंगी।

**मुख्यमंत्री की श्रद्धांजलि**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किशोर कुमार को पुण्यतिथि पर सोशल मीडिया के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गायक किशोर कुमार की मन को आनंदित और हृदय को स्पंदित करती आवाज ने हिंदी फिल्म जगत में अमिट पहचान बनाई। उनका गीत-संगीत के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

# बैंकाक से काठमांडू आए तीन भारतीयों के पास मिली 11 किलो ड्रग्स, एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**काठमांडू,** (हि.स.)। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो सीआईबी ने सोमवार को तीन मुस्लिम भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों यात्रियों के पास से 11 किलो 275 ग्राम ड्रग्स बरामद की गई है सीआईबी के डीआईजी विनोद घिमिरे ने कहा कि बैंकाक से थाई एयर एशिया की उड़ान संख्या FD182 से अपरान्ह 1 बज कर 50 मिनट पर काठमांडू हवाई अड्डे पर लैंड हुई। इसके बाद ही तीनों यात्रियों को हवाईअड्डे के आगमन टर्मिनल से नियंत्रण में लिया गया। डीआईजी घिमिरे ने बताया कि सीआईबी के पास इस विमान से ड्रग्स की बड़े पैमाने पर तस्करी करने की सूचना मिली थी। डीआईजी घिमिरे के मुताबिक पकड़े गए तीनों मुस्लिम 50 वर्षीय सलीम इब्राहिम अंसारी, 24 वर्षीय रेहान मोहम्मद एजाज खान और 32 वर्षीय जैनब वसीर हैं, जिनके पास भारतीय पासपोर्ट हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि ड्रग्स की ये खेप भारत ले जाने की योजना थी। पकड़े गए तीनों लोगों को सीआईबी के हेडक्वार्टर ले जाया गया है, जहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। सीआईबी ने बताया कि आज ही इन्हें जिला अदालत काठमांडू में पेश कर इनका रिमांड लिया जाएगा।



# ट्रंप ने पुतिन को दी चेतावनी, टॉमहॉक मिसाइलों की धमकी



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। दोनों देशों के बीच लगातार घातक हमले हो रहे हैं और नागरिकों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह यूक्रेन के साथ युद्ध को जल्द खत्म नहीं करता है, तो अमेरिका यूक्रेन को लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलें प्रदान कर सकता है। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, "अगर युद्ध खत्म नहीं हुआ तो हम टॉमहॉक भेज सकते हैं। यह बेहद आक्रामक हथियार है।" उन्होंने यह भी कहा कि मिसाइल भेजने का निर्णय परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। ट्रंप का यह बयान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से रविवार को हुई फोन बातचीत के बाद आया, जिसमें उन्होंने टॉमहॉक मिसाइल भेजने की संभावना पर चर्चा की। हाल ही में रूस ने यूक्रेन के बिजली संयंत्रों पर हमला किया, जिसका उद्देश्य सर्दियों से पहले यूक्रेन की ऊर्जा संरचना को प्रभावित करना है। इस कदम से यूरोप में ऊर्जा संकट की संभावनाओं को बढ़ावा मिला है। रूस ने अमेरिका की ओर से लंबी दूरी की मिसाइलें भेजे जाने की संभावना पर चिंता जताई है। पुतिन ने पहले ही चेतावनी दी थी कि इससे मॉस्को और वाशिंगटन के संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। ट्रंप ने पुतिन को स्पष्ट संदेश दिया कि अगर रूस युद्ध को समाप्त करने का कदम नहीं उठाता है तो इसके परिणाम उसके लिए नकारात्मक होंगे। उनके इस बयान से वैश्विक स्तर पर रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर तनाव और बढ़ गया है।

## गाजा में हमास की कैद से रिहा सात इजराइली बंधक स्वदेश पहुंचे, जश्न का माहौल

# तेल अवीव पहुंचने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत

**गाजा** (हि.स.)। गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते के तहत आतंकवादी संगठन हमास ने सात इजराइली बंधकों को रिहा किया। रेडक्रॉस ने उन्हें इजराइली रक्षा बल (IDF) को सौंपा। रिहा हुए बंधकों में गली बर्मन, जिव बर्मन, ओमरी मिरान, मतन अंगरेस्ट, अलोन ओहेल, एतन अब्राहम मोर और गिल्बोआ-दलाल शामिल हैं। बताया गया है कि बाकी 13 बंधकों को कुछ देर बाद दक्षिणी गाजा में छोड़ा जाएगा।



**ट्रंप पहुंचे तेल अवीव, नेतन्याहू ने किया स्वागत :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने उनका स्वागत किया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी बंधकों की वापसी पर खुशी जताते हुए ट्रंप की भूमिका की सराहना की। **गाजा में तबाही और मलबे के नीचे फंसे हजारों लोग :** सीएनएन रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार से प्रभावी युद्धविराम के बाद गाजा से अब तक 295 शव निकाले गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के मुताबिक, दो साल से जारी संघर्ष में गाजा की 4.3 लाख इमारतें क्षतिग्रस्त या ध्वस्त हो चुकी हैं, जिससे करीब 6.1 करोड़ टन मलबा फैला है। गाजा नागरिक सुरक्षा ने आशंका जताई है कि करीब 10,000 लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हैं।

### तेल अवीव में बंधकों के स्वागत की तैयारियां पूरी

तेल अवीव को बंधकों के स्वागत के लिए सजा दिया गया है। रमत गान के शेबा मेडिकल सेंटर, तेल अवीव सौरास्की (इचिलोव) मेडिकल सेंटर और पेटा टिकवा के बेइलिन्सन अस्पताल को बैनरों और पोस्टरों से सजाया गया। शहर के बंधक चौक पर बड़े स्क्रीन पर लाइव प्रसारण के दौरान नागरिकों ने तालियां बजाकर खुशी जताई। कई परिवार अपने प्रियजनों की झलक पाने के लिए रीम मिलिट्री एयर बेस पहुंचे।

# हमास ने सात इजराइली बंधक रेडक्रॉस को सौंपे

## भावुक माहौल में बंधकों के घर लौटने की तैयारी, तेल अवीव में जश्न का माहौल



**तेल अवीव के बंधक चौक पर उत्सव का माहौल :** तेल अवीव में बंधक चौक पर विशाल स्क्रीन पर गाजा से लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा है। लोग ताली बजाकर और झंडे लहराकर स्वागत कर रहे हैं। बंधक परिवार मंच ने पूरी रात चौक पर जश्न मनाया। कई परिवार रीम मिलिट्री एयर बेस पर अपने प्रियजनों के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**गाजा पट्टी/तेल अवीव,** (हि.स.)। युद्धविराम समझौते के तहत आतंकवादी संगठन हमास ने सात इजराइली बंधकों को रेडक्रॉस के हवाले कर दिया। रेडक्रॉस अधिकारियों ने उन्हें इजराइल पहुंचाकर आईडीएफ को सौंप दिया। बाकी जीवित बंधकों को लगभग दो घंटे बाद छोड़े जाने की उम्मीद है। बंधकों की रिहाई से परिवारों में खुशी और राहत की लहर दौड़ गई है। **कैदियों की रिहाई सूची में संशोधन :** इजराइल सरकार ने गाजा निवासी अहमद महमद जमील शाहदा सहित कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर सहमति जताई है। शाहदा को 1989 में बलात्कार और हत्या के मामले में सजा मिली थी, पर अब उसे इस समझौते के तहत छोड़ा जाएगा। लगभग 250 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई तय है। **युद्धविराम के बाद गाजा में मलबे के नीचे जिंदगियां :** सीएनएन के अनुसार, युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक गाजा में मलबे से 295 शव निकाले गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 4.3 लाख से अधिक घर नष्ट हो चुके हैं और करीब 10,000 लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हैं। **शहर सजा, अस्पतालों में इंतजार :** तेल अवीव और आसपास के अस्पतालों में बैनर और कलाकृतियों से स्वागत की तैयारी की गई है। शेबा, इचिलोव और बेइलिन्सन मेडिकल सेंटर के बाहर "आखिरकार घर पहुंच गए!" और "हम कब से आपका इंतजार कर रहे थे!" जैसे बैनर लहराए जा रहे हैं।

# लंदन में भारतीय मूल बिजनेसमैन पर जानलेवा हमला, पत्नी बनी शेरनी की तरह हीरो

छाती और जांघों में लगी चोटें, घड़ी छीनी गई।

---------------

पत्नी विंनी ने 'शेरनी' की तरह हमलावरों को भगा दिया।

---------------

घटना बैटरसी पावर स्टेशन के पास हुई।

---------------



लंदन में भारतीय मूल के मलेशियन बिजनेसमैन विनोद शेखर पर पिछले हफ्ते दो अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। शेखर अपनी बेटी तारा के अपार्टमेंट के बाहर कार पार्किंग कर रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी घड़ी छीनने की कोशिश में कई घूंसे मारे। हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद दवाइयों पर रहने वाले शेखर ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि उनके शरीर ने रोकने की शक्ति नहीं दी और उन्हें छाती व जांघों में चोटें आईं। इस दौरान उनकी पत्नी विंनी येप ने 'शेरनी' की तरह बहादुरी दिखाई। उन्होंने अपना बैग घुमाकर चिल्लाया, जिससे हमलावर डरकर बाइक पर सवार होकर भाग गए। शेखर ने पत्नी की बहादुरी की जमकर तारीफ की और कहा कि वह उनकी जान बचाने वाली हीरो हैं। यह हमला लंदन के बैटरसी पावर स्टेशन के पास हुआ, जहां परिवार ऑक्सफोर्ड घूमकर लौट रहा था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है।

## बुलेटिन बॉक्स

- **नेपाल राष्ट्रपति स्वास्थ्य: नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती।**
- **बाइडेन का प्रोस्टेट कैंसर इलाज: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन रेडिएशन और हार्मोन थेरेपी से प्रोस्टेट कैंसर का इलाज करा रहे हैं।**
- **क्यूबा ने अमेरिकी दावे खारिज किए: क्यूबा का कहना है कि अमेरिका का दावा कि क्यूबा के सैनिक यूक्रेन में लड़ रहे हैं, बिल्कुल निराधार है।**
- **पाक-अफगान तनाव: सीमावर्ती इलाके में अफगानी हमलों के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा**

# दक्षिण अफ्रीका में बस हादसा : 42 की मौत, कई घायल

## प्रांत में पिछले साल भी इसी तरह की दुर्घटना में 45 लोग मारे गए थे

**अफ्रीका** (हि.स.)। दक्षिण अफ्रीका के उत्तर में पर्वतीय क्षेत्र में सोमवार को एक भयानक बस दुर्घटना हुई, जिसमें कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा राजधानी प्रिटोरिया से लगभग 400 किलोमीटर उत्तर में, लुई ट्रिचर्ड शहर के पास N1 राजमार्ग पर हुआ। अधिकारियों ने बताया कि बस ईस्टर्न केप से दक्षिण की ओर जा रही थी। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दुख इस बात से और बढ़ जाता है कि यह घटना वार्षिक परिवहन माह के दौरान हुई, जब सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रांतीय अधिकारियों के अनुसार, बस में जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक सवार थे, जो अपने देशों की ओर जा रहे थे। कई घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहले भी हो चुके हैं हादसे यह हादसा लिम्पोपो प्रांत में पिछले साल हुई एक बड़ी बस दुर्घटना की याद दिलाता है। तब एक बस पुल से फिसलकर खाई में गिर गई थी, जिसमें 45 लोग मारे गए थे और केवल एक 8 साल की बच्ची ही जीवित बची थी। उस बस में मुख्य रूप से बोत्सवाना के नागरिक सवार थे, जो ईस्टर चर्च के समारोह में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका आए थे।



# सरकार ने दी परिवार वालों को जानकारी-हमास के बंधक नेपाली नागरिक विपिन जोशी अब जीवित नहीं

**काठमांडू,** (हि.स.)। पिछले तीन साल से हमास के कब्जे में रहे नेपाली नागरिक विपिन जोशी के जीवित नहीं रहने की आधिकारिक जानकारी नेपाल सरकार और जोशी के परिवार वालों को दे दी गई है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने आज सुबह ही तेल अवीव स्थित नेपाली राजदूतावास और विपिन के परिवार वालों को एक साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उनके जीवित नहीं रहने की आधिकारिक जानकारी दी है। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और नेपाली राजदूत धन प्रसाद पंडित की उपस्थिति में आईडीएफ ने विपिन की मां और बहन तथा नेपाल के धनगढ़ी में रह रहे उसके भाई को विपिन जोशी के हमास के कब्जे में जीवित नहीं रहने की जानकारी दी। तेल अवीव में नेपाली राजदूत ने इस बात की जानकारी नेपाल के विदेश मंत्रियों के अधिकारियों को भी दी है। दरअसल, हमास की तरफ से युद्ध विराम के बाद छोड़े जा रहे 20 बंधकों की सूची में भी विपिन जोशी का नाम शामिल नहीं है। हालांकि, बीते दिनों इजराइल के मीडिया में जोशी के जीवित होने का दावा किया था। कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विपिन जोशी अन्य दर्जनभर छात्रों के साथ सितंबर, 2023 में इजराइल पहुंचे थे। इसके बाद 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमले के दौरान विपिन जोशी को बंधक बना लिया था। उस दौरान 10 नेपाली छात्रों की हत्या कर दी गई थी। तीन साल के बाद अब विपिन जोशी के जीवित नहीं रहने की आधिकारिक जानकारी दी गई है।



# दिल्ली टेस्ट : वेस्टइंडीज 390 पर ऑलआउट, भारत को 121 रनों का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत ने दिल्ली में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी को 390 रनों पर समेट दिया। इसके साथ ही भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत ने पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी पहली पारी में 248 रन बनाए। इस तरह भारत को पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त मिली।


दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की टीम एक समय 212/2 के मजबूत स्कोर पर थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने वापसी करते हुए उन्हें 311/9 तक पहुंचा दिया। हालांकि, आखिरी विकेट के लिए जस्टिन ग्रेव्स (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) के बीच 79 रनों की जुझारू साझेदारी ने वेस्टइंडीज की पारी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके। वेस्टइंडीज के लिए यह दौरे की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन रहा। ओपनर जॉन कैंपबेल ने 115 और शाई होप ने 103 रनों की शानदार पारियां खेलीं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 177 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मज़बूती दी।

समाचार लिखे जाने तक भारतीय टीम ने 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 1 ओवर में 8 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 8 और के एल राहुल बिना खाता खोले खेल रहे हैं।



## किपलिमो की शिकागो मैराथन जीत पर युगांडा में जश्न




**कंपाला,** (हि.स.)। युगांडा के जैकब किपलिमो की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। किपलिमो ने रविवार को शिकागो मैराथन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार किसी युगांडाई खिलाड़ी के रूप में वर्ल्ड मैराथन मेजर का खिताब अपने नाम किया।

किपलिमो ने 2 घंटे 02 मिनट 23 सेकंड का समय लेकर रेस पूरी की। उन्होंने केन्या के एमोस किपरूटो (2:03:54) और एलेक्स मसाई (2:04:37) को पीछे छोड़ते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

युगांडा की शिक्षा एवं खेल मंत्री जेनेट काताहा मुसवेनी ने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर बधाई संदेश में लिखा, "बधाई हो जैकब, शिकागो में हमारे देश का झंडा ऊंचा लहराने के लिए! तुम्हारी जीत पूरे युगांडा के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।"

राज्य खेल मंत्री पीटर ओगवांग ने भी किपलिमो की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा, "किपलिमो ने एक बार फिर युगांडा का नाम रोशन किया है। हम उनके इस गौरवशाली पल का जश्न मना रहे हैं।"

किपलिमो, जो मौजूदा विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियन हैं, ने इस साल की शुरुआत में लंदन मैराथन में अपना डेब्यू किया था और दूसरा स्थान हासिल किया था। शिकागो मैराथन दुनिया की छह प्रतिष्ठित वर्ल्ड मैराथन मेजर्स में से एक है। बाकी मैराथन बोस्टन, लंदन, बर्लिन, न्यूयॉर्क और टोक्यो में होती हैं।

## पहले एशेज टेस्ट में खेलने की संभावना कम : पैट कमिंस

**सिडनी**, (हि.स.)। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि इंग्लैंड के खिलाफ 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में उनके खेलने की संभावना "कम" है। कमिंस फिलहाल अपनी कमर की चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं और उन्होंने हाल ही में दौड़ना शुरू किया है।

सितंबर की शुरुआत में कमिंस की कमर में लंबर बोन स्ट्रेस की समस्या सामने आई थी। तब से उन्होंने एक भी गेंद नहीं फेंकी है। वह आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेले थे।

सोमवार को सिडनी में फॉक्स क्रिकेट सीजन लॉन्च इवेंट में



कमिंस ने कहा, "मैं कहूंगा कि पहले टेस्ट में खेलने की संभावना कम है। लेकिन अभी थोड़ा समय बाकी है। मैं आज दौड़ रहा हूं और हर दूसरे दिन रनिंग कर रहा हूं। अगले हफ्ते से बॉलिंग की तैयारी शुरू होगी। शायद दो हफ्तों में फिर से स्पाइक्स पहनकर नेट्स में उतरूं।"

उन्होंने कहा, "टेस्ट खेलने के लिए शरीर को पूरी तरह तैयार करने में कम से कम एक महीने का समय चाहिए। अगर आप टेस्ट मैच में खेलना चाहते हैं तो आपको तैयार रहना होगा कि दिन में 20 ओवर गेंदबाजी कर सकें। चार हफ्ते काफी कम समय है लेकिन संभव है।"

कमिंस ने बताया कि उनकी पीठ अब काफी बेहतर महसूस कर रही है।

उन्होंने कहा, "कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं झुंझलाता हूं क्योंकि यह एशेज है और बड़ा समर है। लेकिन फिर सोचता हूं कि पिछले सात-आठ साल से मैंने लगभग बिना रुकावट घरेलू समर खेले हैं। शायद अब मेरी बारी है थोड़ी मुश्किल झेलने की।"

कमिंस ने माना कि दौड़ने से गेंदबाजी तक का सफर धीरे-धीरे तय होगा। इसके लिए उन्हें विशेष जिम वर्क और बॉडी को तैयार करने में समय लगेगा।

उन्होंने कहा, "अब दर्द नहीं है, बस वर्कलोड को धीरे-धीरे बढ़ा रहा हूं ताकि शरीर सही प्रतिक्रिया दे।"

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पिछले हफ्ते कहा था कि कमिंस की उपलब्धता पर फैसला शुक्रवार को लिया जा सकता है। कोच को भरोसा है कि भले ही कमिंस पहला टेस्ट न खेलें, लेकिन वह एशेज सीरीज में किसी न किसी चरण में वापसी करेंगे।

कमिंस ने कहा कि वह चोट से निराश तो हैं लेकिन भविष्य को लेकर आशावादी भी हैं। उन्होंने कहा, "यह चोट मुझे सात-आठ साल बाद हुई है। मैं जानता हूं कि एक बार ठीक हो जाने पर यह मुझे लंबे समय तक परेशान नहीं करेगी। आने वाले वर्षों में और ज्यादा क्रिकेट खेलने की उम्मीद है।"

गौरतलब है कि एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। कमिंस की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ सकती है।

## घाना ने कोमोरोस को हराकर पांचवीं बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया



**अकारा,** (हि.स.)। घाना ने रविवार को अपने अंतिम क्वालिफायर मुकाबले में कोमोरोस को 1-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच में सिर्फ एक अंक की जरूरत होने के बावजूद घाना ने आक्रामक शुरुआत की। कोमोरोस, जिसने क्वालिफायर में घाना को एकमात्र हार दी थी, ने कड़ा मुकाबला पेश किया और तीसरे मिनट में ही गोल करने का मौका बनाया। हालांकि पहला हाफ गोलरहित रहा।

दूसरे हाफ की शुरुआत में ही टोटेनहम हॉटस्पर के मिडफील्डर मोहम्मद कुडुस ने 47वें मिनट में गोल दागकर लगभग 35 हजार दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस जीत के साथ घाना ने ग्रुप I में 25 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया। मदागास्कर 19 अंकों के साथ दूसरे और माली 18 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कोमोरोस, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक और चाड क्रमशः 15, 8 और 1 अंक के साथ पीछे रहे।

घाना इससे पहले 2006, 2010, 2014 और 2022 में फीफा विश्व कप खेल चुका है। टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में रहा था, जब वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी।

## पाकिस्तान के गोल्ड मेडलिस्ट के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध, सामने आई बड़ी वजह

पाकिस्तान के स्टार एथलीट और पेरिस ओलंपिक 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ पाकिस्तान ने आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। फेडरेशन ने यह कार्रवाई पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में की है। इस बैन के बाद सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, कोचिंग नहीं दे पाएंगे और किसी भी स्तर पर कोई पद भी नहीं संभाल सकेंगे।

**संविधान उल्लंघन और विवादास्पद चुनाव बने कारण**
पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स फेडरेशन (PAAF) ने आरोप लगाया कि सलमान इकबाल ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करते हुए अगस्त में अवैध रूप से चुनाव कराए थे। सितंबर में गठित जांच समिति ने 10 अक्टूबर को





**अरशद नदीम के खराब प्रदर्शन पर मांगा गया था जवाब :** पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड ने हाल ही में खत्म हुई टोक्यो वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर इकबाल से जवाब तलब किया था। बोर्ड ने भाला फेंक खिलाड़ी की ट्रेनिंग और यात्रा पर हुए खर्च की जानकारी भी मांगी थी। बताया जाता है कि इकबाल ने अपने जवाब में खुलासा किया था कि पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड ने अरशद नदीम की तैयारी में कोई सहयोग नहीं किया और साउथ अफ्रीका में ट्रेनिंग के लिए उन्हें निजी मदद लेनी पड़ी।

अपनी रिपोर्ट में उनके खिलाफ आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। यह निर्णय उस जवाब के एक दिन बाद आया जो सलमान इकबाल ने पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (PSB) को दिया था।

**कोच के बयान से भड़की नाराजगी** : उनके इस खुलासे के बाद पाकिस्तान के खेल अधिकारियों में नाराजगी फैल गई थी। माना जा रहा है कि यही विवाद और प्रशासनिक मतभेद अंततः उनके खिलाफ लिए गए कड़े फैसले की बड़ी वजह बने। सलमान इकबाल पिछले कई वर्षों से अरशद नदीम के कोच रहे हैं और उन्होंने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### जेमिमा का अद्भुत कैच बना मैच का टर्निंग पॉइंट

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया 330 रन का बड़ा स्कोर



विशाखापट्टनम में खेले जा रहे आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के 13वें लीग मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर्स में 330 रन बनाए। भारतीय पारी की शुरुआत शानदार रही, जब स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75) ने पहले विकेट के लिए 155 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्ज ने 33 और ऋचा घोष ने 32 रनों का योगदान दिया, लेकिन आखिरी ओवरों में विकेटों के तेजी से गिरने से टीम 350 के पार नहीं जा सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड की जोड़ी के दम पर मजबूत शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। लेकिन 168 के स्कोर पर बेथ मूनी के आउट होने के साथ मैच में निर्णायक मोड़ आया। दीप्ति शर्मा की गेंद पर मूनी ने कवर की ओर शॉट खेला, जिसे जेमिमा रोड्रिग्ज ने बाईं ओर डाइव लगाकर हवा में शानदार कैच में बदल दिया। इस कैच को देखकर दर्शक और खिलाड़ी दोनों दंग रह गए। जेमिमा का यह कैच मैच का सबसे रोमांचक पल बन गया और टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में ला दिया।